RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 268 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 23 जुलाई 2023

पेज -4 पर बिरहोर समुदाय के बीच पहुंचकर बता रहे ईवीएम मशीन से कैसे ..

रेवड़ी कल्चर देश के लिए घातक पर चुनाव जितने के लिए आवश्यक - टीकाराम पटेल पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

**सरकार के विकास की पोल खोलता लकड़ी का पुलिया**

# आजादी के 75 साल बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा मूलभूत सुविधा

## जान जोखिम में डाल कर नाला पार करने को मजबूर ग्राम पंचायत सुबरा के ग्रामीण

जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा।

विकास खण्ड मुख्यालय से चंद किलोमीटर की दूरी पर बस ग्राम पंचायत सुबरा के ग्रामीणों को आज भी मुलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार विकास की बड़ी-बड़ी डिंगे हांकते रहते हैं कि छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास हो रहा है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

* विधायक चक्रधर सिंह सिदार के निष्कृयता का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण
* जिंदगी गढ़ने जान जोखिम में डाल रहे स्कूली बच्चो

लेकिन विकास की हकीकत जानना हो तो लैलूंगा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सुबरा में जाकर देख सकते हैं। विकास के नाम पर एक गांव को दूसरे गांव में जोड़ने के लिए 75 साल बाद भी ग्रामीणों को एक छोटा पुलिया का सौगात नहीं मिल पाया है। सबसे बड़ी विड़बना है कि लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार के गृह ग्राम को जोड़ने वाला पुलिया को विधायक अपने कार्यकाल में नहीं बनवा पाये हैं। हम आपको बात दे कि ग्राम पंचायत सुबरा के अश्रित ग्राम कटंगपारा से सलिहापारा और विधायक के गृह ग्राम को जोड़ने वाली एक मात्र रास्ता है। जिसमें से होकर सुबरा, कटंगपारा के बच्चे हाई स्कूल कटकलिया जाते हैं। लोगों ने बताये कि नाले में पुलिया नहीं होने से ग्रामीणों को तो परेशानी होती है, लेकिन बरसात के दिनों स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा नाले में पुलिया बन जाये इसके लिए राज नेताओं के चौखट में खूब ड्यूटी लगाई और बार-बार गुहार लगाई कि महोदय हमारे गांव के नाले में एक छोटा से पुलिया बना दीजिए लेकिन गांव वालों की गुहार भ्रष्ट राजनेताओं के कानों तक नहीं पहुंची, ग्रामीणों ने थक हारकर नाले में चलने लायक लकड़ी से एक पुलिया का निर्माण किया। देशी जुगाड़ लकड़ी के बनाये गये पुलिया से ग्रामीण आना जाना करते हैं।

### मुख्यमंत्री के घोषणा का कोई असर नहीं

हम आपको बता दे कि लैलूंगा में मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने मांग किया था कि कटंगपारा के नाले में पुलिया नहीं होने से बरसात के दिनों में भारी परेशानी होता है कई गांव के लोग एक दूसरे से सपंर्क कर नहीं पाते हैं स्कूली बच्चे स्कूल नहीं आ पाते हैं इस नाले में एक पुलिया का निर्माण करवाया जाये, मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने भेंट मुलाकात के मंच से घोषणा भी किया था। कि जल्द ही कटंगपारा के नाले में पुलिया का निर्माण हो जायेगा, पुलिया बन जाने से ग्रामीणों को किसी प्रकार का कोई परेशानी नहीं होगा। लेकिन मुख्यमंत्री का घोषणा एक बार फिर चुनावी घोषणा साबित हो रहा है।

### विधायक की निष्कृयता से नाराज क्षेत्रवासी

पुलिया नहीं बनने के कारण किस-किस को कितनी परेशानी हो रही है और किसकी निष्कृयता के कारण आज तक ग्रामीणों को एक छोटा सा पुलिया की सौगात नहीं मिला इसके बारे में जानने के लिए जब हमने ग्रामीणों से चर्चा कि तो ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया के लिए हम लोग किसके-किसके चौखट नहीं गये लेकिन किसी ने नहीं सूनी, 15 साल तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार रही और दो बार भाजपा के विधायक एक बार लैलूंगा विधायक सत्यानंद राठिया को मंत्री भी बनाया गया था। लेकिन मंत्री बनने के बाद भी हमारे लिए कुछ नहीं किया, सिर्फ अपने चमचेनुमा नेताओं के लिए काम किया। सोचा था कि 15 साल बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बना और हमारे पड़ोसी नेता जी विधायक बने हैं इस बार तो हम लोगों का दुःख दर्द जरूर सुनेगा लेकिन विधायक चक्रधर सिंह सिदार भी वैसे ही निकले और इनके निष्कृयता के चलते हम लोगों को एक छोटा सा पुलिया तक नहीं बना पाये। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक चक्रधर सिंह सिदार को सोचना चाहिए कि हर पांच साल में चुनाव होता है, क्षेत्र की जनता को विकास चाहिए विनास नहीं, चुनाव को अब बचा ही कितना दिन है इतने दिन में विधायक सिदार और क्या कर पायेगा अब तो जो करना है ओ तो क्षेत्र की जनता करेंगे और बता देंगे की जो क्षेत्र का विकास करेगा वही हमारा नेता बनेगा। ग्रामीणों की बातों से तो ऐसा लगता है कि विधायक चक्रधर सिदार की छूट्टी लगभग तय है।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा ने विकास के अनेक सोपान गढ़े : मुख्यमंत्री

रायपुर। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन आज छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा आयोजित ''उत्कृष्टता अलंकरण समारोह'' और पंचम विधानसभा के विधायकों के लिए आयोजित बिदाई समारोह में मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव, संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री संतराम नेताम सहित केबिनेट के अन्य मंत्रीगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में उत्कृष्ट विधायकों एवं उत्कृष्ट संसदीय पत्रकारों को सम्मानित करने की यह परंपरा अत्यंत सराहनीय है। इससे विधायकों एवं मीडियाकर्मियों को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

### सम्मान से बेहतर कार्य करने की मिलती है प्रेरणा - राज्यपाल

इस कार्यक्रम में सत्तापक्ष की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा और प्रतिपक्ष की विधायक श्रीमती रंजना दिपेन्द्र साहू को वर्ष 2022 का उत्कृष्ट विधायक सम्मान और विधायक श्री धर्मजीत सिंह को पंचम विधानसभा के जागरूक विधायक सम्मान से नवाजा गया। प्रिंट मिडिया के श्री राहुल जैन और इलेक्ट्रानिक मीडिया के श्री देवव्रत भगत और कैमरामेन रोहित श्रीवास्तव को उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार का सम्मान दिया गया।

आईएएस रानू साहू की गिरफ्तारी पर रमन सिंह का बड़ा बयान

# बहुत बड़ा मकड़जाल है, बहुत से लोगों का हाथ है, दोषी पर होगी कार्रवाई

**रायपुर।** IAS रानू साहू की गिरफ्तारी पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि पूछताछ होगी, जांच चल रही है. यह बहुत बड़ा मकड़जाल है. बहुत लोगों का हाथ है. जो भी दोषी होगा, उस पर कार्रवाई होगी। डॉ. रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ED-IT वाले बयान पर बोले कहा कि जब ऊपर और नीचे कुछ नहीं है, तो डायरेक्टर माइंस 7 महीने से जेल में क्यों है? डायरेक्टर माइंस पॉलिसी बनाने वाले हैं. डायरेक्टर अकेला कुछ नहीं कर सकता. खनिज विभाग मुख्यमंत्री का है, यदि डायरेक्टर पर किसी अपराध में अभियुक्त बना है, दोषी पाया गया है, तो अंतिम रूप से मुख्यमंत्री की ही सहमति होगी. बिना मुख्यमंत्री की सहमति के डायरेक्टर इस प्रकार ऑनलाइन-ऑफलाइन करने का षड्यंत्र कैसे करता? इसका जवाब सरकार ने नहीं दिया। डॉ. रमन सिंह ने मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ED-IT वाले बयान पर बोले कहा कि जब ऊपर और नीचे कुछ नहीं है, तो डायरेक्टर माइंस 7 महीने से जेल में क्यों है? डायरेक्टर माइंस पॉलिसी बनाने वाले हैं. डायरेक्टर अकेला कुछ नहीं कर सकता. खनिज विभाग मुख्यमंत्री का है, यदि डायरेक्टर पर किसी अपराध में अभियुक्त बना है, दोषी पाया गया है, तो अंतिम रूप से मुख्यमंत्री की ही सहमति होगी। बिना मुख्यमंत्री की सहमति के डायरेक्टर इस प्रकार ऑनलाइन-ऑफलाइन करने का षड्यंत्र कैसे करता? इसका जवाब सरकार ने नहीं दिया।

# आजाद नगर पहुंचा नशा छोड़ो-युवा छोड़ो अभियान

**रायपुर।** नशा मुक्ति अभियान नशा छोड़ो युवा जोड़ो अभियान लगातार शहर की झुग्गी बस्तियों में जाकर जन जागरूकता ला रहा है, नशीले पदार्थों का दहन कर नशा मुक्त समाज स्थापित करने का संदेश दे रहा है। इसी कड़ी में नशा जोड़ो युवा अभियान दल रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के आजाद नगर, सरोना पहुंचकर नशे से होने वाली हानि का घर घर जाकर संदेश दिया. संयोजक अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, नशा ने हमारे देश, प्रदेश और समाज का बहुत नुकसान किया है, नशा से कई घर परिवार बिखर गया. नशा से खुद भी दूर रहे है और लोगों को भी दूर रखें. कार्यक्रम प्रभारी आशीष तांडी ने कहा, नशा मुक्त समाज से ही स्वस्थ और खुशहाल समाज की स्थापना होगी।

# आईएएस रानू साहू को तीन दिन की ईडी रिमांड, होगी पूछताछ

**रायपुर।** विशेष कोर्ट ने आईएएस रानू साहू तीन दिनों का रिमांड मंजूर कर लिया है। ईडी ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी। ईडी को 25 जुलाई को रानू साहू को फिर से कोर्ट में पेश करना होगा। ईडी विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में आईएएस रानू साहू को पेश करके 14 दिन की रिमांड मांगी थी। आईएएस रानू साहू की ओर से कोर्ट में पेश हुए वकील फैजल रिजवी ने बताया कि ईडी ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड मंजूर की है। उन्होने बताया कि आईएएस रानू को भी कोयला से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया गया है। रिजवी ने बताया कि अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 तक ईडी ने जब-जब आईएएस साहू को बुलाया तब-तब वे ईडी के कार्यालय गईं। जनवरी 2023 के बाद से आज तक ईडी ने उन्हें कोई सम्मन जारी नहीं किया है। रिजवी ने बताया कि ईडी आईएएस साहू के माता-पिता की जो संपत्ति अटैच की है वह 2019 के पहले खरीदी गई है और संपत्ति से आईएएस साहू का कोई संबंध नहीं है। जिन लोगों ने संपत्ति बेची है वे भी रानू साहू को नहीं पहचानते हैं। इसके बावजूद रानू साहू को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट में हमने ईडी की इस कार्यवाही का विरोध किया है। कोयला घोटाले से जुड़े मामले में इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को ईडी ने पहली बार रानू साहू के यहां दबिश दी थी। तब रानू साहू रायगढ़ की कलेक्टर थीं। ईडी ने रानू साहू सहित कुछ और अफसरों और नेताओं के यहां छापा मार कार्यवाही की थी। सूत्रों के अनुसार छापे में जब्त दस्तावेजों, मोबाइल चैट और कम्प्यूटर-लैपटॉप के हार्ड डिस्क में मिले साक्ष्य के आधार पर ईडी ने शुक्रवार को दूसरी बार रानू साहू के निवास पर छापा मारा। जांच के बाद रानू साहू को गिरफ्तार ईडी पहले अपने दफ्तर लेकर गई। वहां गिरफ्तारी की औपचारिकता पूरी करने के साथ ही कोर्ट को सौंपने के लिए गिरफ्तारी मेमो तैयार किया गया और उसके बाद दोपहर में उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। विशेष कोर्ट में आईएएस रानू साहू की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता फैजल रिजवी ने गिरफ्तारी और रिमांड का विरोध किया, लेकिन कोर्ट ने ईडी की दलीलों को देखते हुए रिमांड मंजूर कर लिया।

**धरना प्रदर्शन...** तीन कर्मचारी पहुंच चुके हैं दूसरे अस्पताल में

# संविदाकर्मियों का आमरण अनशन लगातार जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अनियमित कर्मचारियों का प्रदर्शन लगातार जारी है। संविदाकर्मियों के आंदोलन की अब तस्वीर बदलते हुए नजर आ रही है और स्थिति ऐसी बन रही है कि भले जान जाए तो जाए लेकिन नियमितीकरण लेकर ही रहेंगे।

**नियमितीकरण लेकर ही रहेंगे.!**

अब संविदा कर्मचारी आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। संविदा कर्मचारियों के आमरण अनशन का आज चौथा दिन है। बता दें कि आमरण अनशन पर बैठे तीन कर्मचारी कल बेहोश हो गए थे, जिनका उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार राजधानी नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर संविदा कर्मचारी पिछले करीब 20 दिन से अधिक समय से नियमितिकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। मांगे पूरी नहीं होने पर संविदा कर्मचारी पिछले 4 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। वहीं, आमरण अनशन पर बैठे कर्मचारियों में से तीन कर्मचारी कल बेहोश हो गए थे, जिन्हें राजधानी रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं, दूसरी ओर विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अनियमित और संविदा कर्मियों के आंदोलन के मुद्दे पर सदन में जोरदार हंगामा मचा। भाजपा के स्थगन सूचना को अस्वीकार करने के बाद नारेबाजी शुरू हो गई। भाजपा ने जहां कर्मचारियों के साथ धोखा का आरोप लगाया, तो कांग्रेस विधायकों ने भूपेश है तो भरोसा है का नारा लगाया।

गौरतलब है कि पिछले दिनों सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों के लिए बड़ा फैसला लिया था। सरकार ने नियमित कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की है तो वहीं दूसरी ओर अनियमित कर्मचारियों के वेतन में सीधे 27 प्रतिशत की वृद्धि की है। वेतन में वृद्धि किए जाने के बाद भी संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर डटे हुए हैं।

# मणिपुर में हुई घटना के विरोध में रायपुर में कैंडल मार्च

**रायपुर।** मणिपुर में हुई घटना के विरोध में शुक्रवार को रायपुर की जनता ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला. इस कैंडल मार्च में शहर के अलग-अलग वर्गों के लोग शामिल हुए. शांतिपूर्ण कैंडल मार्च शहीद भगत सिंह चौक से निकाला गया जो तेलीबांधा तालाब पर जाकर खत्म हुआ. मानवता के लिए कैंडलमार्च- मणिपुर घटना के विरोध में कैंडल मार्च में पहुंची जुबेरिया फातिमा ने कहा कि मानवता के लिए यह शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया है. हम किसी भी संगठन ग्रुप को रिप्रेजेंट नहीं कर रहे हैं. हम सिर्फ मानवता के नाते इस कैंडल मार्च में शामिल हुए हैं. मणिपुर में जिस तरह से महिलाओं के साथ घटना हुई है वह काफी दुखद है. पुरुषों की सोच में बदलाव आना जरूरी- छत्तीसगढ़ी महिला समाज की प्रदेश अध्यक्ष मालती परगनिया ने कहा कि मणिपुर की घटना की जितनी भी निंदा की जाए उतना कम है. हमारे देश में आए दिन दुष्कर्म की घटनाएं सामने आती है, देश में महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं कम नहीं हो रही है. कैंडल मार्च के माध्यम से हम शासन से मांग करना चाहते हैं कि इस तरह की घटना दोबारा ना हो. हम किसी राजनीतिक दल से नहीं है. इस बारे में सभी को सोचने की जरूरत है.

# गरीबी उन्मूलन की उपलब्धि और यूएनडीपी की भारत की तारीफ का सबब

*हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्य म (यूएनडीपी) द्वारा प्रकाशित बहुआयामी गरीबी सूचकांक, 2023 रिपोर्ट में भारत की इस बात के लिए सराहना की गई है कि उसने गरीबी उन्मूलन में अन्य देशों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। वर्ष 2015 में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से एसडीजी1 में उम्मीद की गई थी कि दुनिया में वर्ष 2030 तक सभी प्रकार की गरीबी समाप्त हो जाएगी। वर्ष 2023 की रिपोर्ट में इस बात पर संतोष व्यक्त किया गया कि वैश्विक स्तर पर इस लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।*

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूएनडीपी गरीबी की एक परिभाषा का उपयोग करता है, जिसे बहुआयामी गरीबी कहा जाता है। यह परिभाषा सभी देशों के लिए समान है। विश्व के विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा उपयोग की जाने वाली गरीबी की भिन्न-भिन्न परिभाषाओं के कारण गरीबी का एक समान आकलन संभव नहीं हो पाता है। इस कारण विश्व के विभिन्न देशों के बीच तुलना करना भी कठिन हो जाता है। यूएनडीपी के बहुआयामी गरीबी माप में कई तत्व शामिल हैं, जो सभी देशों में समान हैं। इसमें पोषण, बाल मृत्यु दर, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, रसोई ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास और संपत्ति शामिल हैं। विभिन्न देशों में डाटा की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग वर्षों में बहुआयामी गरीबी का अनुमान लगाया गया है। अत: यूएनडीपी के आंकड़ों से किसी एक वर्ष में विभिन्न देशों में गरीबी का तुलनात्मक अध्ययन संभव नहीं। विभिन्न देशों के लिए यूएनडीपी के पास उपलब्ध प्रारंभिक डाटा 2005-06 से 2019-21 तक है। इसलिए, रिपोर्ट में प्रकाशित आंकड़ों से यह पता लगाना संभव नहीं कि एक निश्चित अवधि के दौरान दुनिया के सभी देशों में तुलनात्मक रूप से गरीबी कितनी और कब कम हुई है। भारत के संदर्भ में, यूएनडीपी डाटा तीन वर्षों, 2005-06, 2015-16 और 2019-21 का विवरण देता है। इस डाटा के मुताबिक, भारत में वर्ष 2005-06 में 55.1 फीसदी आबादी यानी 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से पीड़ित थे। 10 साल बाद वर्ष 2015-16 में यह आंकड़ा 27.7 फीसदी यानी 37 करोड़ रह गया। इन 10 वर्षों के दौरान गरीबी के प्रतिशत में कमी की दर सालाना 6.6 प्रतिशत रही। लेकिन

यूएनडीपी की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2015-16 से 2019-21 के बीच भारत में गरीबों की संख्या में 38 फीसदी की गिरावट आई। इस दौरान ऐसा क्या खास हुआ कि गरीबी कम करने में अभूतपूर्व तेजी आई, जिससे यूएनडीपी को भारत की तारीफ करनी पड़ी!

वर्ष 2015-16 से 2019-21 की अवधि में बहुआयामी गरीबी से पीड़ित गरीबों का अनुपात घटकर जनसंख्या का केवल 16.4 प्रतिशत रह गया; और गरीबों की संख्या घटकर 23 करोड़ रह गई। यानी सिर्फ पांच साल में 14 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए और गरीबी कम होने की रफ्तार बढ़कर सालाना 10 फीसदी से भी ज्यादा हो गई। यह बताना महत्वपूर्ण है कि 2015-16 और 2019-21 के बीच पांच वर्षों में गरीबों की संख्या में 38 फीसदी की गिरावट आई, जिसमें एक वर्ष से अधिक की सबसे खराब महामारी भी शामिल है। ऐसे में यह समझना जरूरी होगा कि इस दौरान ऐसा क्या खास हुआ कि गरीबी कम करने में अभूतपूर्व तेजी आई, जिससे यूएनडीपी को भारत की तारीफ करनी पड़ी! यह भारत के लिए तो अच्छी खबर है ही, दुनिया के लिए भी अहम खबर और सबक है। यूएनडीपी ने बहुआयामी गरीबी के जो प्रारंभिक आंकड़े प्रकाशित किए हैं, वे अलग-अलग वर्षों के हैं। यूएनडीपी द्वारा मूल्यांकन किए गए 81 देशों (जिनके बारे में एजेंसी ने डाटा प्रकाशित किया है) के 150.8 करोड़ गरीब लोगों में से 64.5 करोड़ लोग (2005-06 में) भारत से थे। यानी इन 81 देशों के 42.8 फीसदी से ज्यादा गरीब भारत में रहते थे। लेकिन यूएनडीपी के ताजा आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के इन 81 देशों में गरीबों की कुल संख्या अब घटकर 97.4 करोड़ रह गई है, लेकिन इसमें उल्लेखनीय और दिलचस्प तथ्य यह है कि इस संख्या में भारत का योगदान केवल 23 करोड़ ही है। यानी अब इन 81 देशों के केवल 23.7 प्रतिशत गरीब लोग ही भारत से आते हैं। इसका मतलब यह भी है कि बहुआयामी गरीबी के तहत लोगों की संख्या में कुछ अन्य देशों का योगदान पहले से भी ज्यादा बढ़ गया है। इतना ही नहीं, जहां 81 देशों का संयुक्त बहुआयामी गरीबी सूचकांक अब 0.275 से घटकर 0.203 पर आ गया है, वहीं भारत का सूचकांक 2005-06 के 0.283 से घटकर 2015-16 में 0.122 और 2019-21 में सिर्फ 0.069 पर आ गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। यह भारत के लिए गर्व की बात है। दुनिया को इससे सबक लेने की जरूरत है कि उसे भी भारत की तर्ज पर बहुआयामी गरीबी दूर करने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार का बहुआयामी गरीबी के निर्धारकों पर विशेष ध्यान रहा। आज भारत में बाल मृत्यु दर घटकर मात्र 1.5 प्रतिशत रह गई है, जो 2015-16 में 2.2 प्रतिशत थी। पोषण और कुपोषित बच्चों के प्रतिशत में भी भारी सुधार हुआ है, जो 2005-06 में 44.3 प्रतिशत से घटकर 2015-16 में 21.1 प्रतिशत और 2019-21 में 11.8 फीसदी रह गया है। आवास की बात करें, तो पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण दोनों मिलाकर लगभग तीन करोड़ घर बनाए गए हैं, जिस पर केंद्र द्वारा पांच लाख करोड़ रुपये (लगभग 60 अरब डॉलर) की सहायता दी गई है।

अश्विनी महाजन

## संपादकीय

### चुनावी मुकाबले में 'इंडिया'

बयान में कहा गया है कि 'इंडिया' रणनीतिक क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख भूमिका को बहाल करेगा। यह एक बड़ा वादा है। इसे पूरा करने की नए गठबंधन के पास क्या रणनीति है, इसका संकेत संभवत: उसके साझा न्यूनतम कार्यक्रम में मिलेगा।

छब्बीस विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन का नाम कुछ इस ढंग से रखा, जिससे उसका शॉर्ट फॉर्म 'इंडिया' बने। इस तरह उन्होंने भारत के मतदाताओं के मन को छूने की कोशिश की है। इस प्रयास में उन्होंने दो शब्द अपने नाम के फुल फॉर्म में जोड़े- डेवलपमेंटल और इन्क्लूसिव। इस तरह इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) बना। अगर थोड़ा पीछे मुड़ कर देखा जाए, तो जब यूपीए का शासन था, तब इन्क्लूसिव डेवलपमेंट शब्द काफी प्रचलित था। यूपीए ने अपनी विकास दृष्टि को इसी शब्द से व्यक्त किया था, जो वैसे नव-उदारवादी नीतियों के साथ सारी दुनिया में पहुंचा था। अर्थ यह है कि जो विकास हो, वह समावेशी हो। यानी उसके लाभ सभी तबकों तक पहुंचें। इसके लिए यूपीए के जमाने में एक सोशल एजेंडा अपनाया गया था, जिसे कार्यरूप देने के लिए सोनिया गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद बनाई गई थी।

अब अगर सिर्फ नाम बनाने के लिए इन शब्दों को नहीं वापस नहीं गया है, तो कहा जा सकता है कि उसी विकास नजरिए के जरिए 'इंडिया' एनडीए का मुकाबला करने की रणनीति बनाएगा। इस बात की झलक नव-गठित गठबंधन के साझा बयान में भी मिली।

# तेरह साल बाद आया फैसला, पीएफआई की असलियत पर लगी मुहर

केरल में पीएफआई के सदस्यों द्वारा एक प्रोफेसर के हाथ-पैर काटने के मामले में आया फैसला इस संगठन की असलियत बताने के लिए काफी है।

केरल के कोच्चि स्थित न्यायालय द्वारा पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के सदस्यों से संबंधित एक फैसले पर जितनी व्यापक चर्चा होनी चाहिए, उतनी नहीं हो रही। एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) के विशेष न्यायालय ने 13 वर्ष पूर्व एक प्रोफेसर के हाथ-पैर काटने के मामले में पीएफआई के तीन सदस्यों को उम्रकैद एवं तीन अन्य को तीन वर्ष की सजा सुनाई है। वह ऐसी घटना थी, जिसने पूरे देश को हिला दिया था। इदुक्की के न्यूमैन कॉलेज के प्रोफेसर पीजे जोसेफ का पैर और दाहिना हाथ एर्नाकुलम में चर्च से घर लौटते समय काट दिया गया था। प्रदेश में तब वीएस अच्युतानंदन के नेतृत्व में वाम मोर्चे की सरकार थी और देश-दुनिया में उस घटना की गूंज सुनाई पड़ी थी। भारत में इस तरह की यह पहली बड़ी घटना थी, जिसमें ईशनिंदा का दोषी मानते हुए हिंसक शक्तियों द्वारा एक व्यक्ति का अंग भंग किया गया था। प्रो. जोसेफ ने परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र बनाए थे, जिसमें मोहम्मद साहब और इस्लाम पर प्रश्न थे। इसे मोहम्मद साहब का अपमान करार देकर उनके खिलाफ अभियान शुरू कर दिया गया था। जुलाई, 2010 में जब वह अपनी मां और बहन के साथ घर जा रहे थे, तब एक कुल्हाड़ीधारी आदमी उन्हें घसीटकर साथ ले गया और उनके पैर व हाथ काट दिए। 13 वर्ष बाद ऐसी भयानक घटना पर न्यायालय का पहला फैसला आया है! क्यों? साफ है कि सरकार, पुलिस, प्रशासन और केरल का जागरूक माने जाने वाला सेक्यूलर नागरिक समाज सजग सक्रिय होता, तो स्थिति दूसरी होती। जानकारों ने जब इसके लिए पीएफआई को दोषी ठहराया, तो देश भर में मुस्लिम संगठनों और नेताओं के साथ एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ता और कुछ राजनीतिक दलों के नेता भी विरोध में सामने आ गए। न्यायालय के फैसले ने फिर इस बात की पुष्टि की है कि पीएफआई कट्टरपंथी जिहादी आतंकवादी संगठन है। अदालत ने इस फैसले में ऐसी अनेक टिप्पणियां की हैं, जिन्हें पीएफआई से सहानुभूति रखने वालों को अवश्य देखना चाहिए। अदालत ने यद्यपि फैसला इस एक घटना पर सुनाया है, पर अपनी टिप्पणियों में उसने पीएफआई की विचारधारा और उसके चरित्र को स्पष्ट कर दिया है। प्रोफेसर जोसेफ की पत्नी को इस घटना से इतना आघात लगा कि उन्होंने आत्महत्या कर ली। प्रोफेसर को मारने की धमकियां दी जा रही थीं, पर सरकार ने उनके लिए सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की। क्या वाम मोर्चे को यह भारत के सेक्यूलर ताने-बाने के विरुद्ध नहीं लगता था? केरल में मुस्लिम मत पाने की छीना-झपटी का लाभ पीएफआई को मिलता रहा और उसे आतंकवादी या हिंसक संगठन मानने के लिए सरकार तैयार नहीं हुई। पीएफआई के कृत्यों की केरल से लेकर कर्नाटक एवं अन्य राज्यों में प्रमाण आते रहे, पर वाम मोर्चा सरकार नजर अंदाज करती रही। कांग्रेस के नेतृत्व वाले लोकतांत्रिक मोर्चे की सरकार का भी यही रवैया रहा। प्रोफेसर को नौकरी से भी निकाल दिया गया था। सामान्य प्रश्नपत्र बनाने वाले एक व्यक्ति को इस्लाम और पैगंबर विरोधी बता दिया गया। कानूनी लड़ाई के बाद उन्हें नौकरी मिली। लेकिन आज भी सभी दोषियों को सजा नहीं मिल पाई है। केरल में पीएफआई की गतिविधियां सामने आने के बावजूद उसे रोकने और कुचलने की स्वाभाविक जिम्मेदारी का पालन राज्य सरकार ने नहीं किया। इस घटना के बाद कानूनी एजेंसियों द्वारा अपनी जिम्मेदारी का पालन न करने का परिणाम है कि आज तक मुख्य अपराधी गिरफ्त से बाहर है। ताजा फैसले में भी कुल 11 लोगों में से पांच को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया है। 18 लोग पहले ही बरी किए जा चुके हैं। यदि केंद्र और राज्य की सरकारें पहले संभल जातीं, तो पीएफआई देश के लिए इतना बड़ा खतरा नहीं बनता।

अवधेश कुमार

## मिला जुला

### सीमा हैदर और सचिन की तबीयत बिगड़ी, घर में चढ़ाया गया ग्लूकोज

नोएडा। सीमा हैदर और सचिन मीणा की तबीयत बिगड़ गई है. दोनों घर पर हैं, उन्हें ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है. बताया जा रहा है कि सीमा से मिलने के लिए एक वकील घर पर पहुंचे हैं. बता दें कि सीमा और सचिन दोनों से यूपी एटीएस पूछताछ कर चुकी है. इसके बाद जब दोनों घर पहुंचे तो पुलिस की मौजूदगी में कल दोनों ने मीडिया से बात की थी. यूपी एटीएस के सवालों के जवाब में सीमा हैदर ने कहा है कि उसने कोई भी बात छिपाई नहीं. सब सच-सच बताया है. सीमा ने कहा कि वो सिर्फ अपने प्यार के लिए बगैर वीजा भारत आई है. उसने कोशिश की थी वीजा के लिए, लेकिन नहीं मिल पाया तो ये कदम उठाना पड़ा. दरअसल, नोएडा के सचिन मीणा और सीमा हैदर की लवस्टोरी की शुरुआत साल 2019 में हुई थी.

### 'एक परमाणु हमला करेंगे, पूरे उत्तर कोरियाई शासन का अंत हो जाएगा'

सियोल। दक्षिण कोरिया ने अपने पड़ोसी देश उत्तर कोरिया को बड़ी चेतावनी दी है। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह एक परमाणु हमला करेगा और किम जोंग उन के नेतृत्व वाले पूरे शासन का 'अंत' हो जाएगा। योनहाप समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया की चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी परमाणु-सक्षम पनडुब्बी उसके यहां तैनात की गई है।

# हिमाचल-उत्तराखंड में फटे बादल, भारी बारिश का यलो अलर्ट, वैष्णो देवी यात्रा बंद

**जम्मू/देहरादून।** देश के कई राज्यों में बारिश कहर बरपा रही है, जिसके चलते कई राज्यों में अभी भी बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। पहाड़ी इलाकों में भी खराब मौसम से राहत नहीं मिल रही। उत्तराखंड और हिमाचल में बादल फटने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में चार जगह बादल फटने से लाखों रुपये संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। हिमाचल में तीन स्थानों तो वहीं उत्तराखंड में पौड़ी के थलीसैंण में बादल फट गया है। बादल फटने से मलबे की चपेट में आकर गोशाला और आठ छोटी पुलिया बह गई। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में दो एनएच सहित 610 सड़कें बंद हैं। 24 घंटे के दौरान चार जगह भूस्खलन हुआ। मौसम विभाग ने आज भी भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में भारी वर्षा और भूस्खलन के कारण यमुनोत्री और बदरीनाथ मार्ग कई घंटे बंद रहा। इससे यमनोत्री में दो सौ से अधिक यात्री पड़ावों में फंस गए हैं। राज्य में 85 से अधिक संपर्क मार्ग मलबा आने से बंद हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर के अधिकांश क्षेत्रों में भी भारी बारिश शुरू हो गई है। जम्मू संभाग को पुंछ जिले से कश्मीर को जोड़ने वाले मुगल रोड़ पर भूस्खलन होने से इसे बंद कर दिया गया है। कटड़ा में माता वैष्णो देवी के महत्वपूर्ण बैटरी कार मार्ग पर तड़के फिर भूस्खलन हुआ। 40 से 50 फीट मार्ग क्षतिग्रस्त होने से इसे श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है उत्तराखंड में भी जगह बादल फटने से आम लोगो संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है। हिमाचल में शुक्रवार को जहां तीन स्थानों पर बादल फटे। वहीं, उत्तराखंड में पौड़ी के थलीसैंण में बादल फटने से आए मलबे की चपेट में आकर गोशाला और आठ छोटी पुलिया बह गई खेतों को भी मलबे से काफी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा यमुनोत्री और बदरीनाथ मार्ग कई घंटे बंद रहा। इससे यमनोत्री में दो सौ से अधिक यात्री पड़ावों में फंस गए हैं। राज्य में 85 से अधिक संपर्क मार्ग मलबा आने से बंद हैं।

200 से अधिक गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कटा हुआ है। मनाली का कुल्लू से संपर्क कटा हिमाचल के जगतसुख के नेहलू नाले का पानी घरों में घुस गया। सड़क बंद होने से रात दो बजे मनाली का कुल्लू से संपर्क कट गया था। इसके अलावा मंडी जिला के जोगेंद्रनगर के वींचकैंप में बादल फटने से हारगुनैण पंचायत में भारी नुकसान हुआ है। पानी के तेज बहाव से नागचला, डिगली सड़क व पुल पर मलबा भरने से यातायात प्रभावित है। नकेहड़ सड़क की पुलिया बह गई।

### मेजर जनरल को दो करोड़ रुपए हर्जाना देंगे तरुण तेजपाल के साथ दो अन्य पत्रकार

22 साल बाद आया दिल्ली हाई कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पत्रकार तरुण तेजपाल, पत्रिका तहलका के साथ दो पत्रकारों को मानहानि के मामले में मेजर जनरल एमएस अहलूवालिया को 2 करोड़ रुपए का हर्जाना देने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट का यह आदेश तहलका द्वारा 22 साल पहले किए गए स्टिंग ऑपरेशन के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि मेजर जनरल अहलूवालिया रक्षा सौदों में भ्रष्टाचार में शामिल थे. तहलका के 'ऑपरेशन वेस्ट एंड' नामक स्टिंग ऑपरेशन के बाद अहलूवालिया का कोर्ट मार्शल किया गया, जिसमें उन्हें सेवा से बर्खास्त करने की सिफारिश की था. हालांकि, सेना प्रमुख ने अपने विवेक से इसे गंभीर नाराजगी की श्रेणी में शामिल किया था।

गुजरात के जूनागढ़ में 4 घंटे में 8 इंच बारिश

# बारिश से आया सैलाब, रेड अलर्ट

**जूनागढ़ ए.।** गुजरात के जूनागढ़ में शनिवार दोपहर बादल फटने से शहर में बाढ़ आ गई। यहां सिर्फ 4 घंटे में 8 इंच बारिश हुई। इससे पूरा शहर पानी में डूब गया। शहर से सटे गिरनार पर्वत पर 14 इंच बारिश होने से हालात और बिगड़ गए। पहाड़ का पानी जूनागढ़ शहर में पहुंचा तो सड़कों पर खड़ी गाड़ियां तिनकों की तरह बह गईं।

मौसम विभाग ने रविवार के लिए भी भावनगर, नवसारी, जूनागढ़ और वलसाड में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जूनागढ़ के निचले इलाकों में 5 से 6 फीट तक पानी भर गया है। शहर के भवनाथ क्षेत्र में इसका सबसे ज्यादा असर हुआ है। यहां कई जानवर तेज बहाव में बह गए। कदवा चौक के पास मुबारक पाड़ा का भी यही हाल है। यहां कई मकान पूरी तरह डूब गए। तेज बहाव के चलते जूनागढ़ शहर के बीच से गुजरने वाले काले कुंड का पुल बंद कर दिया गया है।

# भारत वियतनाम को आज सौंपेगा आईएनएस कृपाण, पहली बार किसी देश को इतना बड़ा गिफ्ट

नई दिल्ली। भारत ने वियतनाम को युद्धपोत कृपाण तोहफे में दिया है. यह पहली बार है जब भारत ने किसी देश को इतना बड़ा तोहफा दिया है.

भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि आईएनएस कृपाण वियतनाम पहुंचने के बाद वियतनाम पीपुल्स नेवी को सौंप दिया जाएगा।

पूर्वी एशियाई क्षेत्र के साथ भारत के संबंधों को और मजबूत करने के लिए भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार शनिवार को स्वदेशी मिसाइल कार्वेट आईएनएस कृपाण को वियतनाम को सौंपने के लिए वियतनाम में होंगे. आईएनएस कृपाण तीसरी स्वदेश निर्मित खुखरी श्रेणी की मिसाइल कार्वेट है, जो वर्तमान में भारतीय नौसेना में सक्रिय सेवा में है. मिसाइल कार्वेट आईएनएस कृपाण को आज शाम दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र में कैम रान अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर वियतनामी नौसेना को सौंप दिया जाएगा.

# तिरिया नक्सली मुठभेड़ केस में एनआईए ने एक महिला समेत दो को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली/रायपुर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार (21 जुलाई) को 2019 में हुए छत्तीसगढ़ के तिरिया नक्सली मुठभेड़ मामले में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया।

दोनों सीपीआई (माओवादी) के है. एनआईए ने बताया कि दोनों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया था. इसी के साथ मामले में अब तक छह गिरफ्चारी हो चुकी है. दरअसल 2019 के तिरिया नक्सली मुठभेड़ में छह नक्सलियों और एक नागरिक की जान गई थी.

**एनआईए ने क्या कहा?**

एनआईए (NIA) ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों लोग सीपीआई (माओवादी) के शीर्ष नेताओं के संपर्क में थे. इनके साथ मिलकर ये लोग काम कर रहे थे. सीपीआई (माओवादी) के साथ मिलकर दोनों राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साजिश रच रहे थे. एनआईए ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान हमें सीपीआई (माओवादी) से जुड़े कई आपत्तिजनक सामग्री मिली है. जांच एजेंसी ने आगे कहा कि दोनों को सीपीआई (माओवादी) फंड भी मुहैया कराता था। तिरिया नकस्ली मुठभेड़ जुलाई 2019 में हुई थी. लोकल डिस्ट्रिक्ट ज्वाइंट रिजर्व गार्ड, स्पेशल टास्क फोर्स और सीआरपीएफ (CRPF) की टीम तिरिया के पास वाले जंगल एरिया से जा रही थी. सुरक्षाबलों को जानकारी मिली थी कि नक्सलियों का ग्रुप शहीद दिवस यानी 28 जुलाई को एक बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहा है. इसको लेकर वो प्लान बनाने के लिए मिल रहा है.

# बादल अकादमी आसना में परम्परागत ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अमूस तिहार

कमिश्नर और कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों,गायता-पुजारी एवं गणमान्य नागरिकों ने हल-कृषि यंत्रों की पारंपरिक रूप से की पूजा-अर्चना

**जगदलपुर।** आसना स्थित बादल अकादमी में शनिवार को बस्तर की लोक पर्व अमूस तिहार प्रतीकात्मक ढंग से परम्परा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कमिश्नर बस्तर संभाग श्री श्याम धावड़े, कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. सहित सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी सहित जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न समाज प्रमुखों और गायता-पुजारी एवं गणमान्य नागरिकों ने हल-कृषि यंत्रों की पारम्परिक रूप से पूजा-अर्चना की। वहीं ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के प्रतीकात्मक रथ का अनावरण किया गया। इस मौके पर युवाओं तथा उपस्थित लोगों ने गेड़ी दौड़, हंडी दौड़, नारियल फेंक, निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान समाज प्रमुखों एवं अधिकारियों ने कब्बडी खेलकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर कमिश्नर बस्तर श्री श्याम धावड़े ने उपस्थित सभी लोगों को अमूस तिहार की बधाई देते हुए कहा कि बादल संस्था बस्तर की संस्कृति और परम्परा,विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन सहित उसे जीवन्त रखने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही है। यहां पर खेती-किसानी और जल-जंगल और जमीन से जुड़े इस तिहार को हम सभी मिलकर मना रहे हैं यह गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि बस्तर की संस्कृति, परम्परा, रीति-रिवाज, विरासत को सहेजने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है, इस ओर बादल अकादमी निरन्तर आगे बढ़कर पहल कर रही है।

वहीं उन्होंने बादल संस्था को ड्रीम प्रोजेक्ट निरूपित करते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप बस्तर संभाग के सभी जिलों के समाज प्रमुखों को बादल संस्था से जोड़ने सहित सभी समाज प्रमुखों की सहभागिता पर बल दिया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने अमूस तिहार की बधाई देते हुए कहा कि हमारे तीज-त्यौहार हम सभी को अपनी संस्कृति, परम्परा, रीति-रिवाज को सहेजने के लिए एक अलग सन्देश देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज प्रमुखों से रूबरू होकर चर्चा करने से बस्तर की लोक संस्कृति, परम्परायें, विरासत को जानने-समझने का बेहतर मौका मिलता है। कलेक्टर श्री विजय ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुसार लोक संस्कृति और परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में लगातार कोशिश की जा रही है।

बादल अकादमी की भूमिका इस ओर ज्यादा से ज्यादा हो, बादल अकादमी बादल को पार करेगी ऐसा प्रयास किया जायेगा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों ने भी अपने विचार साझा कर अमूस तिहार की बधाई दी। इस मौके पर लामकेर के गेड़ी नर्तक दल ने मनोहारी गेड़ी नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं गेड़ी दौड़, हंडी दौड़, निबन्ध एवं चित्रकला स्पर्धा के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।वहीं अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे। अंत में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री संजय चन्देल ने आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के हज यात्रियों का सम्मान

**दुर्ग/** छत्तीसगढ़ के हज यात्रियों की पहली फ्लाइट आज मदीना से नागपुर पहुंची ।फ्लाइट में 329 हज यात्री सवार थे जिसमें 326 हज यात्री छत्तीसगढ़ और 3 हज यात्री महाराष्ट्र के है ।हज कर वतन वापसी पर नागपुर में फ्लाइट से उतरने पर हज यात्रियों का सेन्ट्रल तंजीम कमेटी नागपुर के वाईस प्रेसिडेंट और हज कमेटी के प्रमुख शाहिद नसीम खान एवं छत्तीसगढ़ हज कमेटी के चेयरमैन असलम खान समेत अन्य पदाधिकारियों ने स्वागत किया ।

### उल्लास के साथ मनाया गया कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान का 41 वां स्थापना दिवस

**जगदलपुर।** बस्तर के सुप्रसिद्ध कांगेर घाटी राष्टीय उद्यान का स्थापना दिवस आज तिरथगढ़ में मनाया गया।इस राष्टीय उद्यान के स्थापना 22 जुलाई 1982 में की गई थी। कार्यक्रम में कांगेर घाटी राष्टीय उद्यान के प्रबंधन एवं संरक्षण, इकोटूरिज्म में विशेष योगदान देने वाले इको-विकास समिति के सदस्य, जिप्सी सफारी संचालक, नेचर गाइड, मैना मित्र, मगर मित्र, पेट्रोलिंग गार्ड, मैदानी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएफ श्री मोहम्मद शाहिद,कांगेर घाटी राष्टीय उद्यान के निदेशक श्री धम्मशील गणवीर, विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरणविद डॉ सतीश जैन , वरिष्ठ लेखक शुभाष पांडेय,शिव प्रकाश सी जी, रंगकर्मी , श्री अनिल लुंकड़ , श्रीमती महेश्वरी कश्यप, सरपंच तीरथगढ़, एवं श्री गागरा राम इको विकास समिति कामानार से उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीफ मोहम्मद शहीद ने आपने उद्बोधन में विभाग के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि कांगेर घाटी में आने वाले हर पर्यटक यहां की खूबसूरती से मंत्र मुग्ध हो जाते है , साथ ही उन्होंने कहा की उद्यान में पर्यटको द्वारा प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने और जागरूक करने लोगों से अपील की। कार्यक्रम में कांगेर घाटी राष्टीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गनवीर ने कहा कि सभी लोगों के सतत प्रयास से ही घाटी को विश्व मानचित्र में स्थापित होने में नई दिशा मिल रही है द्य प्राकृतिक खूबसूरती , जैव विवधता और आदिवासी संस्कृति का अनूठा मेल है कांगेर घाटी में जो देश और विदेश के पर्यटकों को लुभा रहा है ।

### नदी में बह गया शिक्षक

**कोरबा ।** शुक्रवार को कोरबा जिले के लेमरू पुलिस थाना क्षेत्र के देवपहरी वाटरफाल में पिकनिक मनाने आये जांजगीर चाम्पा जिले का एक शिक्षक पानी में बह गया। शिक्षक की तलाश की जा रही है, लेकिन लगातार बारिश के चलते खोज में बाधा आ रही है।

पुलिस थाना लेमरू के प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू ने बताया कि जांजगीर चाम्पा जिले के अकलतरा से 3 लोग क्रमशः आयुष जैन पिता अजय जैन उम्र 25 वर्ष अकलतरा, लक्ष्मीकांत शर्मा पिता रामावतार शर्मा उम्र 45 वर्ष अकलतरा और सत्य जीत राहा पिता स्व, बी राहा उम्र करीब 55 वर्ष निवासी अकलतरा जिला जांजगीर चांपा देवपहरी के वाटरफाल में पिकनिक के लिए आये थे। तीनों व्यक्ति वाटरफाल के पास नदी में तैरते-तैरते गहरे पानी में चले गए।

पानी का बहाव तेज होने के कारण सत्यजीत राहा 55 वर्ष नदी में बह गया, जबकि दो अन्य लोग तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे। लापता व्यक्ति पेशा से शिक्षक बताया गया है। घटना की सूचना तुरन्त लेमरू थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि लापता व्यक्ति की तलाश की जा रही है, लेकिन लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन बाधित हो रहा है। जिला मुख्यालय से नगर सेना कोरबा एसडीआरएफ के गोताखोर बुलाये गए हैं। इसके अलावा ग्रामीणों से भी मदद ली जा रही है। यहां उल्लेखनीय है कि चार दिन पहले भी जांजगीर चाम्पा जिले के अकलतरा से ही पिकनिक पर आए दो युवक और दो युवती वाटरफाल में फंस गए थे, जिन्हें करीब सात घंटे की कोशिश के बाद देर रात बाहर निकाला गया था।

## कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

मीनू के अनुसार गर्म भोजन दें और स्वच्छता का ख्याल रखें- कलेक्टर

मौसमी बीमारी मलेरिया व डायरिया से बचने के उपाय हेतु दिए निर्देश

**छुईखदान।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने खैरागढ़ विकासखण्ड अंतर्गत बाजार अतरिया स्थित प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान में छात्रावास में बालकों का शयनकक्ष, किचन, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

'मीनू के अनुसार गर्म भोजन दें और स्वच्छता का ख्याल रखें'- कलेक्टर

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छात्रावास परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया छात्रावास अधीक्षक को निर्देश दिया कि मीनू के अनुसार गर्म भोजन दें और स्वच्छता का ख्याल रखें। छात्रावास के बालको अक्षय, विवेक, प्रियांशु और अमित आदि छात्रों से बातचीत की। इस दौरान भोजन, पेयजल, बिस्तर, मच्छरदानी, पढ़ाई, कमरों में प्रकाश व्यवस्था आदि ज़रूरी सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक से बालकों की आवासीय व्यवस्था और स्वच्छता सबंधी जरूरी दिशा निर्देश दिये। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल देने और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।

मौसमी बीमारी मलेरिया व डायरिया से बचने के उपाय हेतु दिए निर्देश

छात्रावास निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बालकों को मौसमी बीमारी मलेरिया व डायरिया से बचने के उपाय हेतु दिए निर्देश। छात्रों के शयनकक्ष में मच्छरदानी के उपयोग और स्वच्छ पेयजल पर विशेष बल दिया। छात्रों से छात्रावास में रहने, खाने और पढ़ने की सुविधाओं के बारे में पूछने पर बच्चों ने बताया कि भोजन और आवास की व्यवस्था ठीक है। नियमित रूप से समय पर नाश्ता और दोनों समय में भोजन छात्रों को मिलता है।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय डोंगरीपाली और गोड़म का निरीक्षण किया

कलेक्टर ने स्कूलों के मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन किया

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारंगढ़ और बरमकेला विकासखंड के स्कूलों का दौरा किया। डॉ. सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय डोंगरीपाली में बीईओ बरमकेला नरेन्द्र कुमार जांगड़े, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसडीओ और प्राचार्य से स्कूल की गतिविधियों, शिक्षक व्यवस्था और भवनों के मरम्मत, जीर्णोद्धार कार्यों के प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्यों के लिए सुझाव दिए। शिक्षकों के द्वारा स्कूल में सामान्य ब्लैकबोर्ड और प्रोजेक्टर दोनों माध्यम से पढ़ाई कराई जा रही थी। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से पूछा कि भविष्य में क्या बनना चाहते है- डॉक्टर, इंजीनियर। छात्र-छात्राओं ने अपनी इच्छा कलेक्टर के सामने व्यक्त की। डॉ. सिद्दीकी ने छात्र-छात्राओं को कहा कि भविष्य में जो भी बनना चाहते हैं, उसको ध्यान में रखते हुए अभी से पढ़ाई शुरू करना होगा। डॉ. सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय गोड़म में बीईओ सारंगढ़ रेशम लाल कोसले, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसडीओ खाण्डेकर और प्राचार्य से स्कूल भवन में किए जा रहे मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली और स्कूल के बुनियादी कक्षों पुस्तकालय, प्रयोगशाला, प्राचार्य कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, शौचालय आदि के जीर्णोद्धार और मरम्मत कार्यों के संबंध में सुझाव दिए। दौरे में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी भी शामिल थीं। उल्लेखनीय है कि जिले में स्कूल भवनों के मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्यों के लिए निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आरईएस के माध्यम से किया जा रहा है।

## कालोनाइजर डॉ. अशोक खेमका के खिलाफ धोखाधड़ी का एफआईआर दर्ज

**रायपुर।** नगर निवेश से पास लेआउट के विरुद्ध निर्माण तथा आम जनता को छलपूर्वक कूटरचित लेआउट दिखाकर कॉलोनी विकास की अनुमति हासिल कर शहरी गरीब आवास की भूमि को हड़पने के मामले में विधानसभा थाना पुलिस ने कॉलोनाइजर मेसर्स सूर्या लैंड डेवलपर्स डॉ. अशोक खेमका के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

मामला सड्डु में विकसित की गई राजधानी विहार नामक कॉलोनी का है।

पुलिस ने बताया कि एफआईआर नगर निगम के जोन क्रमांक 9 के प्रभारी सहायक अभियंता अंशुल शर्मा ने दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार कॉलोनाइजर मेसर्स सूर्या लैंड डेवलपर्स द्वारा ग्राम सड्डु में विकसित की गई राजधानी विहार नामक कॉलोनी में तथ्यों को छिपाकर कूटरचित ढंग से अनुमति प्राप्त कर शासन की योजना के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न की जा रही है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि कॉलोनाइजर द्वारा रजिस्ट्री के लिए उपयोग में लाए जा रहे संयुक्त नक्शे को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है।

राजधानी विहार फेस-2 की जमीन का सीमांकन नहीं कराया गया है, किन्तु फेस-2 की डेवलेपमेंट परमिट में सीमांकन की शर्त सम्मिलित है। कॉलोनाइजर द्वारा कालोनीवासियों को जो नक्शा दिखाकर प्लाट विक्रय किए गए हैं उसमें दिखाए गए ओपन एरिया एवं आधे रोड के हिस्से को ईडब्ल्यूएस में शामिल किया गया है।

## बादल अकादमी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

हरेक निर्वाचन में मताधिकार का उपयोग करने मतदाताओं को किया गया प्रोत्साहित

जगदलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी निर्वाचनों में मतदाताओं की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को आसना स्थित बादल अकादमी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान मतदाताओं को हरेक निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान देने प्रोत्साहित किया गया। वहीं मतदाताओं को निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी देकर नवीन मतदाताओं को नाम जुड़वाने सहित नाम विलोपन, पता, लिंग, आयु इत्यादि संशोधन करवाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

इस मौके पर कमिश्नर बस्तर संभाग एवं रोल आब्जर्वर श्री श्याम धावड़े, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. सहित सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी, समाज प्रमुख, गणमान्य नागरिक और बादल अकादमी से जुड़े फेकल्टी एवं युवा मौजूद थे।

## जिला अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं में लोगों के बीच भरोसा, विश्वास जगाने में हुआ है कामयाब-कलेक्टर

जीवन दीप समिति जिला अस्पताल की कार्यकारिणी और सामान्य सभा की बैठक

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति जिला अस्पताल की कार्यकारिणी और सामान्य सभा की बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर ने जिला अस्पताल को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कुल 17 विभाग में क्वालिटी सर्टिफाइड होने की शुभकामनाएं दी और कहा कि अस्पताल द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं व ईलाज के लिए लोगों के बीच भरोसा, विश्वास जगाने में कामयाब हुआ है। साथ ही संस्था द्वारा उत्तरोत्तर स्वास्थ्य सेवाएं में वृद्धि करने

कहा। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरीजों के संख्या में लगातार वृद्धि को कम करने के लिए सामुदायिक, प्राथमिक और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की सेवाओं को बेहतर करने पर जोर दिया। उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। जिला अस्पताल में संस्थागत प्रसव के लिए रेफर की संख्या अधिक होने के कारण संज्ञान लेकर प्राथमिक, सामुदायिक, शहरी स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मौसमी बीमारी मलेरिया के लिए चिंहाकित स्थलों में विशेष जागरूकता शिविर करने हेतु निर्देशित किए। कलेक्टर द्वारा धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल दुकान से दवाईयों की खरीदी बढ़ाने तथा हमर लैब की सेवाओं में रिपोर्ट समय पर मरीजों को उपलब्ध कराने कहा गया। कलेक्टर ने जीवन दीप समिति के पिछली बैठक में दिए निर्देश के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। इसके अलावा समिति द्वारा प्रस्तावित प्रकरणों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. प्रसाद सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### जिले के अंतिम छोर तक पहुंच रहा मतदाता जागरूकता रथ

# बिरहोर समुदाय के बीच पहुंचकर बता रहे ईवीएम मशीन से कैसे दें वोट, मतदान के लिए कर रहे जागरूक

* कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य गांवों में चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

* एक भी मतदाता न छूटे, थीम के साथ चल रहा अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मतदान का महत्व और ईवीएम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने जिले की सभी विधानसभाओं के गांव-गांव में मतदाता जागरूकता प्रचार रथ भ्रमण कर रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बीते दिनों कलेक्टोरेट से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया था। उनके निर्देश पर यह मतदाता प्रचार रथ अब जिले के अंतिम छोर तक पहुंच रहा है। धरमजयगढ़ विधानसभा के विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य गांवों में लोगों को इस रथ के माध्यम से मतदान के महत्व तथा ईवीएम मशीन के जरिए वोटिंग की पूरी प्रक्रिया भी समझाई जा रही है। इसी कड़ी में धरमजयगढ़ विधानसभा के खलबोरा गांव में ईवीएम प्रदर्शन वैन पहुंची। यहां विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोग निवास करते हैं। मतदाता जागरूकता प्रचार रथ के माध्यम से गांव वासियों को मतदान के बारे में पूरी जानकारी दी जा रही है। ईवीएम का प्रदर्शन कर उन्हें मशीन की कार्यप्रणाली समझाया जा रहा है। बैलेट यूनिट से कैसे वोट डालना हैं। वीवीपैट मशीन से कैसे उसका मिलान करना है, यह सब बताया जा रहा है। इस मौके पर ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ईवीएम मशीन के बारे में न केवल जानकारी ली बल्कि वोट कैसे डाला जाता है यह भी कर के देखा। उल्लेखनीय हैं कि भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन कार्यालय के दिशा-निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता का विशेष अभियान स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। स्वीप सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही जिस समुदाय एवं मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम है वहां मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किए जाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने इस अभियान के तहत विशेष कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है।

### एक भी मतदाता न छूटे थीम के साथ कर रहे जागरूक

भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप एक भी मतदाता ना छूटे नो वोटर टू बी लेफ्ट बिहाइंड्स के थीम को लेकर रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम को जन अभियान बनाकर प्रचार-प्रसार के लिए विशेष योजना तैयार की गई है जिसके तहत ईवीएम प्रदर्शन वैन जिला में भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा हैं।

### मतदाताओं को जोड़ने चल रहा विशेष अभियान

जिस समुदाय एवं मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम है वहां मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किए जाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने इस अभियान के तहत विशेष कार्य योजना बनाई जा रही हैं।

## एक नजर

### माता-पिता से नाराज बच्चे हुए लपता,पुलिस बना सहारा परिजनों के चेहरे पर आई मुस्कान

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

थाना जयनगर क्षेत्र निवासी एक महिला तथा एक व्यक्ति ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जुलाई को उनकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। दोनों की रिपोर्ट पर पृथक-पृथक धारा 363 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने पूरी संवेदनशीलता और गंभीरतापूर्वक अपहृत बालिकाओं की पतासाजी कर जल्द दस्तयाब करने के निर्देश थाना प्रभारी जयनगर को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में जयनगर पुलिस के द्वारा लगातार मामले की विवेचना करते हुए नई तकनीक की मदद से दोनों नाबालिग बालिकाओं को अम्बिकापुर से दस्तयाब किया है। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि घरेलू बात को लेकर नाराज होकर रिश्तेदार के यहां अम्बिकापुर चले गए थे। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर शिवकुमार खुटे,एएसआई वरूण तिवारी, प्रधान आरक्षक अशोक साहू, आरक्षक सोनू सिंह, विकास मिश्रा, राजकुमार पासवान व महिला आरक्षक प्रमिला कुजूर सक्रिय रहे।

### संविदा भर्ती आईटीआई सारंगढ़ में 24 जुलाई को होगी कम्प्यूटर कौशल परीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़- सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ द्वारा जिला निर्वाचन एवं विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों के लिए संविदा पर सहायक ग्रेड-3 के 5 पद हेतु 21 पात्र अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु 24 जुलाई 2023 को शासकीय आईटीआई सारंगढ़ में सुबह 11 बजे बुलाया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर दर पर भृत्य भर्ती हेतु 2 दावा-आपत्तियों का निराकरण किया गया। इसकी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय सारंगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। साथ ही साथ जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के वेबसाइट डीपीआरसीजी डॉट जीओवी डॉट इन के जिले के समाचार सारंगढ़ बिलाईगढ़ में भी अपलोड किया गया है।

# 950 नग नशीली इंजेक्शन के साथ 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक सहित 3 गिरफ्तार

* 4 लाख 75 हजार की नशीली इंजेक्शन व घटना में प्रयुक्त कार जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के सख्त निर्देश जारी होते जिले की पुलिस एक्सन मोड पर लगातार अवैध नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है।

पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक हो,कार क्रमांक जेएच 01 एच, 2070 में कुछ लोग नशीली दवाई लेकर बिक्री करने कोरिया की ओर जा रहे हे ढाबा मे खाना खाने रूके है कोतवाली पुलिस ने तत्काल आपने उच्च अधिकारियो को अवगत कराते। ग्राम पचिरा में घेराबंदी कर कार सहित आरोपियों को पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से एविल इंजेक्शन 200 नग, टीजेसिक इंजेक्शन 750 नग कुल 950 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 4 लाख 75 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन व घटना में प्रयुक्त कार जप्त कर धारा 21 सी, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी खुशबू खातून पति मंसूर अंसारी उम्र 23 वर्ष निवासी निवासी दलेली, थाना मेडाल, जिला गढ़वा झारखण्ड, शबनम निशा पिता जसीम खान उम्र 25 वर्ष हालमुकाम बचरापोड़ी, थाना खड़गवां, जिला एमसीबी तथा 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक को गिरफ्तार किया गया। मामले में 1 अन्य आरोपी फ रार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एसआई, सुनीता भारद्धाज, एएसआई,एसआई दिनेश राजवाड़े अरूण गुप्ता, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिब शेख, आरक्षक रामकुमार नायक, लक्ष्मी नारायण मिर्रे, राधेश्याम साहू, महिला आरक्षक चिंता पैंकरा, चंदा भास्कर व अलका टोप्पो सक्रिय रहे।

*** पुलिस कप्तान आई कल्याण एलिसेला प्रेसवर्ता कर बताया की आवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है ओर बताया की विशेष कर एनडीपीएस की कार्यवाही में किसी भी प्रकार कोताही नही बरती जाएगी। सूचना मिलते पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी।**

### युवती से 72700 रुपए की ठगी

**रायपुर** । कैमरा खरीदने का विज्ञापन देखकर 72 हजार 700 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मानसी यादव 21 वर्ष कृषक नगर जोरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया ने फेसबुक पर कैमरा बिक्री करने का विज्ञापन देखकर आरोपी मोबाइल फोन धारक 93959-06504 व अन्य 2 लोगों से कैमरा खरीदी करने का सौदा 6 हजार रुपए में तय किया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थिया के पेटीएम स्केनर के माध्यम से 5 बार में 72700 रुपए आहरण कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# शक्ति क्षेत्र में टूरिज्म को बढ़ावा देने विधायक की अनुकरणीय पहल

धनपुर से गुढ़वा जलप्रपात तक बनेगी महंत के प्रयास से नई सड़क, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

नवगठित शक्ति जिले में टूरिज्म को बढ़ावा देने एवं क्षेत्र की जनता को प्राकृतिक एवं नैसर्गिक धरोहर का लाभ दिलाने स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अनुकरणीय पहल की है। तथा विधानसभा अध्यक्ष महंत के प्रयासों से धनपुर गुढ़वा में स्थित भव्य जलप्रपात में पर्यटकों के पहुंचने के लिए करोड़ों की लागत से पक्की नई सड़क का निर्माण होगा। परोक्ष जानकारी देते हुए नगरपालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि शक्ति विधानसभा क्षेत्र के गुदवा में जलप्रपात स्थित है। जो कि धनपुर से लगा हुआ है एवं इस जलप्रपात में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं, तथा उपरोक्त जलप्रपात तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क के आभाव के कारण इस पर्यटन स्थल में लोगों को आने-जाने में असुविधा होती थी। जिसे देखते हुए शक्ति के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने पहल करते हुए उसका तकनीकी प्रस्ताव बनाकर भेजा तथा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय रायपुर ने 12 जुलाई 2023 को उपरोक्त सड़क निर्माण हेतु करीब 3 करोड़ 48 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिससे अब पर्यटकों को गुढ़वा जलप्रपात पहुंचने में सुविधा होगी। तो वही यह पर्यटन स्थल और अधिक तेजी से विकसित होगा। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि शक्ति विधानसभा क्षेत्र में कई ऐसे जलप्रपात है जो कि अपने आप में नैसर्गिक एवं प्राकृतिक छटाओं से परिपूर्ण हैं। तथा हमारे क्षेत्र के इन सभी पर्यटन स्थलों को विकसित करना एवं इन्हें आम जनता की पहुंच तक करना ही महंत की विशेष प्राथमिकता में है। एवं शीघ्र ही आने वाले दिनों में और अधिक तेजी से विकास के काम होंगे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष महंत की पहल पर क्षेत्र की जनता तथा जिले वासियों ने भी उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि आज गुदवा जलप्रपात पहुंचने तक पक्की सड़क निर्माण से जहां लोगों को सुविधा मिलेगी तो वही यह पर्यटन स्थल और अधिक तेजी से विकसित होगा। ज्ञात हो कि गुदवा जलप्रपात देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित बड़े जलप्रपातो की तरह अपनी छटा बिखेरता है।

# मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्ट्रेट एवं तहसील कार्यालयों में ईव्हीएम एवं वीवीपैट का प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन जिले के विभिन्न स्थानों में लगातार जारी है। जिले के आम नागरिकों को ई.व्ही.एम. में अपने मताधिकार के कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी दी जा रही है। कलेक्ट्रेट में किसी कार्य से आई ग्राम कुर्राहा की महिला लक्ष्मी को ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही साथ अपने पसंदीदा उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह में वोट देने और कोई उम्मीदवार को वोट नहीं देना चाहती तो वोट बटन के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। मतदान सामग्री ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रचार-प्रसार हेतु जिले के राजस्व अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसील कार्यालयों एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में ई.व्ही.एम. प्रदर्शन केन्द्र स्थापित किया गया है। ई.व्ही.एम. मशीनों के जागरूकता कार्यक्रम के तहत कोई भी नागरिक स्वयं ई.व्ही.एम. मशीन का प्रयोग कर मशीन संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की जिज्ञासाओं का समाधान कर सकते हैं। आगामी नवंबर-दिसंबर में विधानसभा 2023 निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी पसंद के प्रतिनिधि को मतदान कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जिले के किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में यदि जुड़ नहीं पाया है तो निर्वाचन कार्यालयों में मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते है। इसके अलावा अपना नाम, पता, उम्र, लिंग इत्यादि संशोधन के लिये भी प्रविष्टि सुधार करा सकते हैं।

### जनप्रतिनिधि, अधकारी नहीं ले रहे सुध

# एनएच 43 की सड़क बरसात के दिनों कीचड़ में हो रही तब्दील

**स्कूली बच्चों एवं बसों के आवागमन में हो रही परेशानी**

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

जशपुर जिले के पत्थलगांव शहर से होकर गुजरने वाली नेशनल हाइवे 43 के कर्मी टिकरा चौक से तहसील कार्यालय तक की सड़क की हालात इस कदर है कि मामूली बरसात में ही कीचड़ में तब्दील हो गया है। इस मार्ग से आने जाने वाली वाहनों को आवागमन में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। स्कूली बसों के आवागमन से बसे यहां फंस जा रही है। जिससे स्कूली बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। जहां शनिवार की सुबह कीचड़ भरे गड्ढे में बस के फंसने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। आए दिनों लोग सड़कों में गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। लोगों की माने तो कई जनप्रतिनिधि,अधिकारी, नेता इस सड़क से होकर गुजरते हैं मगर इस सड़क की दयनीय स्थिति और जर्जर हुई सड़क उन्हें नजर नहीं आती। दरअसल पत्थलगांव शहर से होकर गुजरने वाली एनएच 43 अंबिकापुर मार्ग पर कदमघाट से लेकर करमीटिकरा तक, जशपुर जाने वाले मार्ग पुरन तालाब से तहसील तक जर्जर सड़क से लोग भारी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। पूर्व में बीटीआई चौक के मोहल्लेवासियों और नागरिकों द्वारा सड़क के निर्माण कार्य जल्द से जल्द कराने और सड़क की दुर्दशा ठीक करने चक्का जाम तक कर चुके हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद अब तक बारिश से पूर्व सड़क के हालात की सुध नहीं ली गई है।

## इकबाल खान के साथ रोमांस करना बहुत बड़ी बातः रचना मिस्त्री

शो 'ना उम्र की सीमा हो' में विधि की मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रचना मिस्त्री ने इकबाल खान के साथ रोमांस करने पर खुलकर बात की है और कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ी बात थी। इस शो ने अपनी अद्भुत कहानी के माध्यम से सामाजिक मानदंडों और रूढ़ियों को चुनौती देते हुए समाज में एक नई लहर पैदा की है। शो ने अपनी कहानी से दर्शकों को बांधे रखा है। इसमें इकबाल और रचना, देव और विधि की भूमिका में हैं। अपने किरदारों के जरिए वे दिखाते हैं कि प्यार की कोई उम्र सीमा नहीं होती। टीवी पर अपने से काफी बड़े किरदार इकबाल के साथ रोमांस पर रचना ने कहा, जब मैं स्कूल में थी तो मैं उन्हें टीवी पर देखती थी और आज, हम एक साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं।

## शरवरी पर बड़ा दांव खेलेगा यशराज फिल्म्स

### आलिया के साथ स्पाई यूनिवर्स में कराई एंट्री

पिछले दिनों खबर आई थी कि आलिया भट्ट यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बन गई हैं। इस खबर ने बॉलीवुड गलियारों में खूब तूल पकड़ा, क्योंकि आलिया को बेशक बहुत बड़ा मौका मिला है। अब खबर है कि इस स्पाई फिल्म में आलिया के साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ नजर आएंगी। यशराज फिल्म्स इन दोनों अभिनेत्रियों के साथ अपने नए सफर की शुरुआत करने के लिए उत्साहित है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स में आलिया के साथ शरवरी शामिल हो गई हैं। शूटिंग 2024 के मध्य तक शुरू होगी। शरवरी ने बंटी और बबली 2 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल पाई। हालांकि, आदित्य चोपड़ा को शरवरी की प्रतिभा पर भरोसा है। उन्हें लगता है कि उनमें वो बात है, जो किसी सुपरस्टार में होनी चाहिए, इसलिए वह उन पर बड़ा दांव खेलने को तैयार हैं। पठान में शाहरुख खान और सलमान खान को साथ देख दर्शकों ने खूब सीटियां बजाईं। अब आलिया और शरवरी पर यशराज फिल्म्स यह प्रयोग करने वाला है। इन फिल्मों में दोनों का धांसू एक्शन अवतार देखने को मिला। वे पर्दे पर साथ में जासूसी करती दिखेंगी। जल्द ही उनकी ट्रेनिंग शुरू होगी। वे अपने-अपने किरदार की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भी शामिल होने वाली हैं। शरवरी फिल्म के मिशन में आलिया के साथ अहम भूमिका निभाएंगी। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3, वॉर 2 और टाइगर वर्सेज पठान के बाद आलिया और शरवरी अभिनीत यह फिल्म वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की 8वीं फिल्म होगी। इसके निर्देशक का नाम सामने नहीं आया है, लेकिन इतना तय है कि यशराज इसे पठान और अपने इस यूनिवर्स की पिछली फिल्मों के स्तर पर ही बनाने वाला है।

## उर्फी जावेद की बहन उरूसा ने चॉकलेटी बदन के साथ बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा, फोटो देखकर फैंस हुए बेताब

उर्फी जावेद का फैशन सेंस और यूनीक ड्रेसिंग सेंस सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, उनकी बहनें भी इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से कहर बरपाए रहती हैं। उर्फी जावेद की छोटी बहन असफी जावेद भी अपनी फैंस को रिझाती रहती हैं। वहीं, उरूसा की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए हुए हैं।

खूबसूरती के मामले में उरूसा अपनी बहन उर्फी जावेद की तरह की बेहद ही ग्लैमरस और हॉट हैं। डिजिटल मार्केटर के तौर पर करियर बनाने वाली उरूसा जावेद ने व्हाइट कलर के क्रॉप टॉप और स्कर्ट में अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इस आउटफिट के साथ एक्ट्रेस उरूसा ने अपनी बॉडी पर चॉकलेट को लगाया, जिनकी तस्वीरें देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। चॉकलेटी बदन के साथ उरूसा की तस्वीरों को देखकर फैंस की सांसें बढ़ गई हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी एक झलक के दीवाने बने रहते हैं। उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो जाती हैं। बता दें कि उर्फी जावेद की कुल तीन बहनें हैं, जिसमें सबसे बड़ी उरूसा जावेद हैं, उरूसा मुंबई में खुद का बिजनेस चलाती हैं फैशन और स्टाइल में एक्ट्रेस उर्फी जावेद की बहन उरूसा भी कड़ी टक्कर देती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। फैशन और स्टाइल में एक्ट्रेस उर्फी जावेद की बहन उरूसा भी कड़ी टक्कर देती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर उरूसा जावेद के 110 के फॉलोवर्स हैं, उनके फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। इंस्टाग्राम पर उरूसा जावेद के 110 के फॉलोवर्स हैं, उनके फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं।

## करीना और कियारा गुड न्यूज के बाद पर्दे पर फिर मचाएंगी धमाल

करीना कपूर और कियारा आडवाणी को आपने फिल्म गुड न्यूज में देखा होगा। अब ये दोनों अभिनेत्रियां फिर साथ आ रही हैं। इस बार उन्हें साथ ला रही हैं अश्विनी अय्यर तिवारी। चर्चा है कि दोनों साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस खबर के सोशल मीडिया पर आते ही उनके प्रशंसक भी खुश हैं। वे कियारा और करीना की नई फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, करीना और कियारा की इस फिल्म का निर्देशन अश्विनी कर रही हैं। यह एक बड़े बजट की फिल्म होगी, जिसमें करीना और कियारा मुख्य भूमिका में होंगी। पिछले 2 सालों में अश्विनी ने कई विषयों पर काम किया और 2 कहानियां उन्होंने फाइनल कर दी हैं। एक एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ और दूसरी बालाजी एंटरटेनमेंट के साथ। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली फिल्म के लिए अश्विनी ने करीना और कियारा से बातचीत की है।

फिल्म से जुड़े सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि करीना और कियारा दोनों ने ही अश्विनी की इस फिल्म में खासी दिलचस्पी दिखाई है और दोनों ही इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, उन्होंने अभी पूरी स्क्रिप्ट नहीं सुनी है।

## लव सेक्स और धोखा 2 की रिलीज डेट आउट, अक्षय कुमार की फिल्म से होगा क्लैश

बॉलीवुड इंडस्ट्री की कुछ फिल्में ऐसी हैं जिन्हें हमेशा याद किया जाता है। इस लिस्ट में फिल्म लव सेक्स और धोखा का नाम भी शामिल है। साल 2010 में फिल्म लव सेक्स और धोखा को लोगों ने खूब पसंद किया था। एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में राजकुमार राव और नुसरत भरूचा लीड रोल में थे। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने बेहतरीन कमाई की थी। फिल्म लव सेक्स और धोखा को पसंद करने वाले लोगों के लिए खुशखबर है। दरअसल, इस फिल्म का दूसरा पार्ट भी आने वाला है और इसकी रिलीज डेट आउट हो गई है। एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 की रिलीज डेट बताई। दिबाकर बनर्जी के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म लव सेक्स और धोखा को लोगों ने काफी पसंद किया था। 2 करोड़ रुपये के बजट में बनने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस करीब 10 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

## सूर्या की कंगुवा का नया पोस्टर जारी, 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म

मशहूर अभिनेता सूर्या पिछले कुछ दिनों से अपनी आने वाली फिल्म कंगुवा को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार दिशा पाटनी के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब निर्माताओं ने कंगुवा का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। यूवी क्रिएशन्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर कंगुवा का पोस्टर जारी किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हर निशान एक कहानी लेकर आता है। राजा आता है।

सूर्या और दिशा की फिल्म कंगुवा 23 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म में सूर्या कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे। यह फिल्म 3 डी में 10 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी। कंगुवा का निर्देशन शिवा ने किया है, जबकि फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। कंगुवा में भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता योगी बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

इस फिल्म की अनाउंसमेंट करीबन 7 महीने ही हो गई थी, जिसमें फिल्म को सूर्या 42 नाम दिया गया था। इस फिल्म का मोशन पोस्टर देखने के बाद ही लोगों के बीच एक क्रेज पैदा हो गया था। उस मोशन पोस्टर में हीरो को पहाड़ी पर खड़े हुए दिखाया गया था। जिसके कंधे पर धनुष-बाण और हाथ में कुल्हाड़ी है, जो दुश्मनों का सिर धड़ से अलग करने के लिए तैयार है।

अब इस फिल्म को एक टाइटल मिल गया है। फिल्म का नाम 'कंगुवा' रखा गया है, जिसमें सूर्या एक वीर योद्धा की भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, इस मोशन पोस्टर में भी सूर्या का चेहरा साफ तौर पर नजर नहीं आ रहा है।

# खेल



**अहमदाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट वर्ल्ड कप का महामुकाबला होगा। जैसे-जैसे महामुकाबले की घड़ी नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे शहर में होटलों का किराया आसमान छू रहा है। एक दिन के लिए होटल का कमरा 50 हजार से 70 हजार रुपए तक में मिलने लगा है। रिकॉर्ड किराये को देखते हुए देश-विदेश से आने वाले लोगों ने अनोखा जुगाड़ निकाला है। वे महंगे होटलों की जगह अस्पतालों में कमरे बुक कर रहे हैं। क्योंकि, यहां किफायती दाम में उन्हें कमरे के साथ खाना भी मिल रहा है।

## भारत-पाक मैच के लिए हॉस्पिटल रूम बुक कर रहे लोग-अहमदाबाद में होटल का किराया 70 हजार तक पहुंचा

### 15 अक्टूबर को मुकाबला

#### फुल बॉडी चेकअप के बहाने रूम बुक कर रहे लोग

अहमदाबाद के ही एक हॉस्पिटल के डॉ. पारस शाह बताते हैं कि लोग हॉस्पिटल में फुल बॉडी चेकअप के बहाने एक या दो रात के लिए कमरे बुक कर रहे हैं। शाह ने कहा- 'ज्यादातर एनआरआई मुंहमांगे दाम पर डीलक्स से लेकर सुइट रूम बुक कर रहे हैं।' रिपोर्ट बताती हैं कि अहमदाबाद में होटल का किराया 20 गुना तक बढ़ गया है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को वर्ल्ड कप मैच होगा। अहमदाबाद में टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच भी होगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को वर्ल्ड कप मैच होगा। अहमदाबाद में टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच भी होगा।

#### होटलों में 15 अक्टूबर के लिए कमरा खाली नहीं

ज्यादातर होटलों में 15 अक्टूबर के लिए कमरा खाली नहीं है। अहमदाबाद के एक अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. निखिल लाला ने कहा- 'हमारे यहां बॉडी चेकअप, नाइट स्टे के लिए कुछ पैकेज हैं। मैच की तारीख घोषित होने के बाद 14 और 15 अक्टूबर को एडवांस बुकिंग के लिए कनाडा और दिल्ली से इंक्वायरी आई है। कुछ लोग तो यह भी पूछ रहे हैं कि आपके अस्पताल से क्रिकेट स्टेडियम कितनी दूर है?

वहीं, एक अन्य अस्पताल के सीईओ नीरज लाल ने कहा- 'इस साल अक्टूबर के दूसरे और तीसरे सप्ताह में बॉडी चेकअप की बुकिंग के लिए केन्या तक से पूछताछ आ रही है।' बता दें कि वर्ल्ड कप फाइनल मुकाबला भी 19 नवंबर को अहमदाबाद में होगा। न्यूजीलैंड-इंग्लैंड का मैच भी यहीं होगा।

### एक नजर

## विराट कोहली का 76वां शतक, भारत ने बनाए 438 रन

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** विराट कोहली (121) के 76वें अंतरराष्ट्रीय शतक और रवींद्र जडेजा (61) एवं रविचंद्रन अश्विन (56) के अर्द्धशतकों की मदद से भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के की पहली पारी में शुक्रवार को 438 रन बनाये। टेस्ट क्रिकेट में 29वीं बार सैकड़ जड़ने वाले कोहली ने 206 गेंद पर 121 रन बनाये, जिसमें 11 चौके शामिल रहे। कोहली अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक बनाने वाले बल्लेबाजों में सचिन तेंदुलकर (100) से सिर्फ 24 शतक दूर हैं। कोहली (28) विदेशी सरज़मीन पर सर्वाधिक सैकड़े जड़ने के मामले में भी सचिन (29) को पछाड़ने की कगार पर हैं।

कोहली अपने 500वें अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज़ भी बन गये। उन्होंने दूसरे दिन अपना स्कोर 87 रन से आगे बढ़ाते हुए ज्यादा समय व्यर्थ नहीं किया और दिन के चौथे ओवर में केमार रोच को चौका लगाकर हाथ खोले। उन्होंने कुछ देर बाद शैनन गैब्रियल की गेंद पर स्वेयर ड्राइव खेलकर चौके के साथ 180 गेंद में शतक पूरा किया। कुछ देर बाद रवींद्र जडेजा ने भी 105 गेंद पर अपना पचासा पूरा किया। कोहली ने शतक पूरा होने के बाद बेझिझक खेलना शुरू किया और जल्द ही जडेजा के साथ 150 रन की साझेदारी पूरी की। कोहली की लय को देखते हुए उन्हें आउट करना मुश्किल लग रहा था, लेकिन एक दुर्भाग्यपूर्ण रनआउट ने उनकी पारी का अंत किया। कुछ देर बाद जडेजा भी विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा को कैच देकर पवेलियन लौट गये। उन्होंने 152 गेंद पर 61 रन बनाये, जिसमें पांच चौके शामिल रहे।

## यूटीटी सीजन-4 में पुनेरी पल्टन ने दबंग दिल्ली को हराया

**पुणे ।** युवा भारतीय सितारे मानुष शाह और अर्चना कामथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कल यहां शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, महालुंगे-बालेवाड़ी में खेल जा रहे अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन-4 में पुनेरी पल्टन ने दबंग दिल्ली टीटीसी पर 8-7 से रोमांचक जीत दर्ज की। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी प्रोत्साहन द्वारा फ्रेंचाइजी-आधारित लीग, 2017 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए गेम-चेंजर साबित हुई है।

मानुष ने मैच की शुरुआत से ही जॉन पर्सन के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल कर अपनी फ्रेंचाइजी को आगे की राह दिखाई। वडोदरा के युवा खिलाड़ी ने गेम प्वाइंट के जरिए पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में पर्सन ने अपनी स्पिन सर्विस से मानुष को परेशानी में डाल दिया। मानुष को टेनिस बॉल को पर्सन के पाले में भेजने और अंक हासिल करने में कड़ी मेहनत करनी पड़ रही थी।

## रेसलिंग ट्रायल्स...मानसी ने किया उलटफेर

### सरिता मोर को 9-6 से हराया; अंतिम पंघल ने दूसरे राउंड में तमन्ना को हराया

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स के लिए रेसलिंग के ओपन ट्रायल्स शुरू हो चुके हैं। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बने केडी जाधव रेसलिंग कॉम्प्लेक्स में विमेंस और मेंस रेसलर्स के ट्रायल्स जारी हैं।

मानसी ने 57 किग्रा वेट कैटेगरी में सरिता मोर को 9-6 से हराया। पहले राउंड में सरिता मोर ने अंशु मलिक को 6-4 से हराया था। अंतिम पंघल ने 53 किग्रा वेट कैटेगरी के दूसरे राउंड में तमन्ना को 7-2 से हराया। अंतिम को पहले राउंड में बाई मिला था। वहीं 62 किग्रा वेट कैटेगरी में सोनम मलिक अगले राउंड में पहुंच गई हैं। अंशु ने 2021 की वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था। इसी चैम्पियनशिप में सरिता ने 2022 में ब्रॉन्ज जीता था।

अंतिम पंघल और विनेश फोगाट 53 किग्रा वेट कैटेगरी में आती हैं। फोगाट को एशियन चैम्पियनशिप में सीधे एंट्री मिली है, अंतिम इसी बात का विरोध करने के लिए कोर्ट पहुंच गईं। इस मामले की सुनवाई भी आज ही होगी।

#### 2 वर्ग के ट्रायल्स जारी

शनिवार को ग्रीको रोमन के छह वेट कैटेगरी और विमेंस के ट्रायल्स । वहीं, रविवार को मेंस फ्रीस्टाइल डिवीजन के ट्रायल्स होंगे। ट्रायल्स से पहले करीब 9:30 बजे ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल वर्ग के खिलाड़ियों का वजन किया गया। आज ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल वर्ग की 6 अलग-अलग वेट कैटेगरी के साथ विमेंस प्लेयर के ट्रायल्स होने हैं। ओपन ट्रायल्स बंद दरवाजों के पीछे हो रहे हैं। पहले यहां मीडिया को अंदर घुसने की परमिशन नहीं थी, लेकिन ट्रायल्स से ठीक पहले अंदर जाने की परमिशन दी गई।

## बैडमिंटन...सात्विक-चिराग की जोड़ी कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में

### जापानी जोड़ी को 40 मिनट में हराया, सीधे गेमों में हराया

**सियोल।** वर्ल्ड नंबर-3 भारतीय जोड़ी ने जापान के ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को 5वीं सीड जोड़ी को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। यह मुकाबला 40 मिनट चला। भारतीय जोड़ी का सामना डिफेंडिंग चैंपियन चाइनीज जोड़ी से होगा।

#### अब सिर्फ सात्विक-चिराग से उम्मीदें, बाकी भारतीय हारकर बाहर

इस टूर्नामेंट में भारतीय उम्मीदें सात्विक-चिराग की जोड़ी पर हैं, क्योंकि पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत जैसे शेष भारतीय खिलाड़ी पहले ही हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

सेमीफाइनल में सात्विक और चिराग का मुकाबला चीन के वेई केंग लियांग और चांग वांग की दूसरी वरीय जोड़ी से होगा। जो मेंस डबल्स में 2021 कोरिया ओपन के वर्ल्ड चैंपियन हैं। जापानी जोड़ी के खिलाफ एक बार आगे होने के बाद सात्विक और चिराग पहला गेम आसानी से जीतने में कामयाब रहे। दूसरे गेम में भारतीयों ने धीमी शुरुआत की और वे 3-6 से पीछे थे, लेकिन समय रहते उन्होंने लय पकड़ी। दोनों ने लगातार 6 पॉइंट्स हासिल करके 14-9 की बढ़त बना ली। फिर जापानी जोड़ी ने आक्रामक खेल दिखाया और 16-16 से बराबरी पर आ गई। तब ऐसा लगा कि मुकाबला तीसरे गेम पर जाएगा, लेकिन भारतीय सितारों ने जापानियों को हावी नहीं होने दिया और गेम 21-17 से अपने नाम करते हुए मैच जीत लिया।

# कलेक्टर ने शैक्षणिक स्तर में सुधार और गुणवत्ता लाने संकुल प्राचार्य शैक्षिक समन्वयकों तथा एफएल एन प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों की ली मैराथन बैठक

जोहार छत्तीसगढ़– सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कलेक्टर सभा कक्ष में जिले की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से संकुल प्राचार्यो ए संकुल शैक्षिक समन्वयकों तथा एफ एलएन प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों की मैराथन बैठक ली। इसके साथ ही उन्होंने जिले के ब्लॉक मुख्यालयो में भी शिक्षा विभाग के अमलो की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के शिक्षक सहित अन्य सभी अधिकारियों को शिक्षा के क्षेत्र में अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए तथा शिक्षा के स्तर में गुणवत्ता लाने सभी आवश्यक कारगर कदम उठाने के कड़े निर्देश दिए है। समीक्षा बैठक लेते हुवे कलेक्टर ने उपस्थित सभी प्राचार्यों संकुल प्रभारियों, शैक्षिक समन्वयकों को शिक्षा में गुणवत्ता लाने शालाओं की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने शैक्षिक समन्वयकों को अपनी पदस्थ शालाओं में अपने जाब चार्ट अनुसार तीन कालखंड अध्यापन कराने उपरांत अपने संकुल अंतर्गत शालाओं की नियमित मानिटरिंग करने के लिए भी निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने मॉनिटरिंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए संकुल प्रभारी प्राचार्यो को भी सलाह में अपने स्कूल के अतिरिक्त कम से कम अन्य दो स्कूलों का निरीक्षण करने कहा। कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय और जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन करने तथा गूगल सीट के माध्यम से शिक्षकों की नियमित उपस्थिति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीएसी को अपने स्कूल भ्रमण की डायरी संधारित कर प्राचार्य के हस्ताक्षर से बीआरसीसी को सौंपने तथा शिक्षकों से भी उनके अध्यापन की दैनंदनी लिखवाना सुनिश्चित कराने कहाए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में तेजी से सुधार लाया जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी संस्था प्रमुख को छात्र छात्राओं के लिए व्यक्तिगत डायरी या छात्र डायरी भी संधारित कराए जाने कहा जिससे बच्चों के अभिभावक उनकी प्रगति स्थिति से अवगत हो सकें। इसके अलावा उन्होंने सभी स्कूलों में पालक छात्र मिलन कार्यक्रम माह में कम से कम दो बार आयोजित कराने, उक्त कार्यक्रम में स्वयं भी शामिल होने और बच्चों से फेयर कापी में ही लिखने का नियमित अभ्यास कराने कहा।

कलेक्टर ने स्कूल परिसर, क्लास रूम तथा शौचालय सहित सभी कक्षाओं की नियमित साफ -सफ ाई हेतु निर्देशित किया। साथ ही स्कूलों की लघु अवकाश तथा दीर्घ अवकाश को छोड़कर शेष समय बच्चे क्लास रूम के अंदर में ही रह कर अध्ययन करें बिना पर्याप्त कारण के बच्चे क्लास रूम से बाहर न रहे इसका ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। उक्त समीक्षा बैठक में राधेश्याम शर्मा बीआरसीसी एवं जिला नोडल अधिकारी समग्र शिक्षा द्वारा सभी संकुल समन्वयको को निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करने साथ ही समन्वयको से पालन प्रतिवेदन नियमित रूप से उपलब्ध कराने कहा गया जिससे सभी ब्लाकों में शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि हो सकेगी और नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप निपुण भारत मिशन के द्वारा संचालित एफ एल एन मूलभूत भाषाई गणितीय कौशल बच्चों में विकसित हो सकेगा एवम शिक्षा का स्तर जो करोना काल की वजह से थोड़ा कम हो गया था उसकी भरपाई कर स्तर ऊपर उठाया जा सकेगा।

समीक्षा बैठक में धरणीधर चंद्रा बीआर सीसी जैजैपुर सविता बी आर सी सी मालखरौदा, सेजेस मालखरौदा के प्राचार्य, विकास खंड शिक्षा अधिकारी जगत, जनपद सीईओ डभरा, बीईओ श्याम वारे,परमेश्वर पटेल, शिक्षा विभाग के विभिन्न संकुल प्राचार्य, शैक्षिक समन्वयकों तथा एफएल एन प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर तथा शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

## एक नजर

### पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़– जशपुरनगर।

पीसी-पीएनडीटी एक्ट के संबंध में सीएमएचओ डॉ. रंजीत टोप्पो की अध्यक्षता में पीसी पीएनडीटी एक्ट के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएमएचओ ने अधिनियम के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु प्राप्त पत्राचार पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित पंजीकृत सोनोग्राफी सेंटर, लाइसेंस वैधता आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद महत्वपूर्ण अधिनियम है। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर पीसी-पीएनडीटी एक्ट के शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान पीसी-पीएनडीटी एक्ट अंतर्गत पंजीकृत संस्थाओं के दस्तावेज उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. आर एन केरकेट्टा, डॉ. उदय भगत, नोडल अधिकारी पीसी-पीएनडीटी एक्ट, डॉ. गौरव सिंह शिशु रोग विशेषज्ञ, विपिन कुमार जिला अभियोजन अधिकारी, चंद्र मोहन प्रसाद सिंह शासकीय अभिभाषक जिला न्यायालय, अजीत कुमार एक्का, जिला जनसंपर्क अधिकारी, सूरज चौरसिया, सामाजिक कार्यकर्ता, सतीश गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, समिति के सदस्य तथा सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

### गंभीर रूप से जली अकाउंटेंट की हालत नाजुक, दूसरे अस्पताल किया गया शिफ्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के ट्रांसपोर्टनगर में निजी सिक्योरिटी एजेंसी में अकाउंटेंट का काम कर रही युवती पर एकतरफा प्रेम करने वाले युवक ने डीजल छिड़ककर आग लगा दी थी। युवती जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। हालत नाजुक बताई जा रही है। बेहतर इलाज के लिए कालड़ा अस्पताल शिफ्ट किया गया है। डाक्टरों के अनुसार युवती 65 प्रतिशत चल गई है। वहीं युवक भी इस दौरान झुलस गया था। उसका भी इलाज जारी है। आरोपित युवक जीवन दुबे के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध कायम किया गया है।

एकतरफा प्यार में जली युवती की हालत नाजुक

पुलिस के अनुसार बिरगांव निवासी जीवन दुबे (24) ने एकतरफा प्यार में गुरुवार को युवती के आफिस पहुंच कर डीजल छिड़ककर आग लगा दी।

युवक जब आफिस पहुंचा तो वह वहां अपना काम कर रही थी। इसी बीच जीवन उसे बात करने के लिए बाहर बुलाया और शादी की बात करने लगा। युवती ने मना किया और वहां से जाने के लिए कहा। आरोपित युवक पहले से ही तैयारी कर आया था। उसने बाटल में डीजल लेकर आया था। युवती के मना करते ही उसने बाटल से डीजल युवती पर डाल दिया। खमतराई थाना प्रभारी सोनल ग्वाला ने बताया कि युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। डाक्टर का कहना है कि 65 प्रतिशत जल गई है। बेहतर इलाज के कालड़ा अस्पताल शिफ्ट किया गया है। वहीं आरोपित युवक का भी इलाज जारी है।

### छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा रायपुर के वी.आई.पी. रोड फुण्डहर स्थित योग भवन में आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर में योग प्रशिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा दैनिक जीवन में योग के प्रभाव और फायदों के संबंधों में बताया जा रहा है। शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को डॉ. दिनेश नाग ने योग के साथ आयुर्वेद के संबंध व प्रभाव के बारे में बताया और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आशा जैन ने प्रसव के दौरान योग की भूमिका विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही लच्छू राम निषाद ने यम, प्रत्याहार, धारणा पर प्रकाश डाला, सी. एल. सोनवानी ने षटकर्म के बारे में बताया। इस अवसर पर योग आयोग के सचिव एम. एल. पाण्डेय सहित योग प्रशिक्षकगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि रायपुर, बिलासपुर एवं बस्तर संभाग के सफल आयोजन के बाद सरगुजा संभाग के प्रशिक्षणार्थियों के लिए सात दिवसीय आवासीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सरगुजा संभाग के सभी जिलों से लगभग 130 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 15 जुलाई को शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला के मुख्य पुजारी श्री इंदुभवानंद जी महाराज के मुख्य आतिथ्य और छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री ज्ञानेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए नियमित योग करना हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है।

## कोडिंग एवं सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, सहित 5 आवासीय कोर्स जशपुर में संचालित, लड़कियों एवं महिलाओं के लिए बेहतर अवसर

जोहार छत्तीसगढ़– जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के विशेष पहल पर जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में आवासीय कोर्स संचालित किये जा रहे हैं। नवगुरुकुल द्वारा संचालित यह कोर्स लड़कियों एवं महिलाओं के लिए हैं। जो की उनके लिए कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग सहित संचालित 5 कोर्स में करियर बनाने का यह एक बेहतर अवसर है।

सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट एवं कोडिंग सीखने के लिए बच्चों में काफी उत्साह हैं, साथ ही अन्य कोर्स में भी छात्राएं एडमिशन ले रही हैं। सभी कोर्स में वर्तमान में लगभग 80 से ज्यादा छात्राएं है। यहाँ संचालित सभी 5 कोर्स कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, ग्राफि क डिजाइनिंग, एजुकेशन, अकाउंट एंड फ ाइनेंस के लिए कुल 150 सीटें हैं। बाकि रिक्त सीटों लिए सभी ब्लॉक में स्कूल, कॉलेजों में सेमिनार और परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं जहाँ इच्छुक छात्राएं आकर सेमिनार में हिस्सा ले सकती हैं और परीक्षा दी सकती हैं। वर्तमान में चयनित सभी विद्यार्थियों को 18 महीने का प्रशिक्षण जिला प्रशासन के सहयोग से लाइवलीहुड कॉलेज में दिया जा रहा हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद न्यूनतम 20 हजार रुपए का वेतन की नौकरी मिल सकेगी। भविष्य में अमेजन, नेटवेस्ट, एक्सेंचर जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों में कार्य करने का अवसर मिल सकेगा। इस कार्यक्रम के तहत न्यूनतम दसवीं कक्षा पास युवतियों-महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस प्रशिक्षण के लिए ग्यारहवीं, बारहवीं की सभी विषयों या संकायों की छात्राएं भी आवेदन कर सकती है। बीए, बीएससी, बीटेक, बीसीए की छात्राएं भी इन सभी कोर्स में शामिल हो सकती है। नवगुरुकुल में प्रोग्रामिंग का कोर्स कर रही जशपुर की रहने वाली छात्रा शिवानी साहू ने बताया कि यहां आकर हमें कभी कुछ नया सीखने और जानने को मिल रहा हैं। यहाँ हमें फ्री लैपटॉप भी दिया गया है, यहाँ का माहौल बहुत अच्छा हैं और बिलकुल घर जैसा ही माहौल है। यहाँ हर तरह की सुविधा मुहैया कराया गया हैं। जो युवा कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग के क्षेत्र में भविष्य बनना चाहता है उनके लिए यह एक बहुत अच्छा मौका हैं, इस अवसर को जाने न दें।

## रोका-छेका अभियान के तहत गौठानों में पशु स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़– जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरवा घुरवा और बाड़ी अंतर्गत रोका-छेका अभियान के तहत विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं नया रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिले में फसलों को चराई से बचाने एवं पशुओं को गौठानों में नियमित रूप से लाने के लिए जन जागरूकता हेतु रोका-छेका अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही गौठानों में पशुओं को एकत्रित कर वर्षा ऋतु में संक्रमण से उत्पन्न बीमारियों जैसे गलघोटू, लंगडी बीमारी जिसे एक टंगिया बीमारी भी कहा जाता है इसके अतिरिक्त लंपी वायरस के संक्रमण रोकने के लिए टीकाकरण के अलावा सूकरो में स्वाइन फ ीवर, बकरियों में इंटेरोटूक्सिसमीय बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण के साथ पशु उपचार बंध्याकरण, औषधि वितरण एवं कृमि नाशक दवा पान, कृत्रिम गर्भाधान कार्य किए जा रहे हैं। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा डॉ. मरकाम ने बताया कि आज दिनांक तक 608 शिविर लगाई जा चुके हैं जिसमें पशु उपचार 4608, पशु टीकाकरण 34881, औषधि वितरण 16352, कृत्रिम गर्भाधान 35, बधियाकरण 2289, कृमि नाशक दवा 10490, पैरा यूरिया उपचार प्रदर्शन 21 किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर स्थल में 16 को कुकुट इकाई, 17 बकरी इकाईए 18 शूकर पालन के आवेदन पत्र तैयार किए गए हैं। इसके अतिरिक्त विकासखंड जशपुर, कांसाबेल दुलदुला, पत्थलगांव में घुमंतू पशुओं में रेडियम पट्टी भी लगाया गया है। पशुधन विकास विभाग द्वारा शिविर स्थल गौठान में अधिक से अधिक संख्या में अपने पालतू पशुओं को लेकर शिविर स्थल मे लाने अपील की गई है। जिससे रोका-छेका अभियान से किसानों की फसलों को नुकसान होने से बचाया जा सके।

## सामुदायिक भवन फरसाबहार में हुआ कुपोषण के संबंध में बैठक का आयोजन

गंभीर कुपोषित बच्चों के डाइट व गृह भेंट कर सामान्य स्थिति में लाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

जोहार छत्तीसगढ़– जशपुरनगर।

फ रसाबहार एसडीएम शबाब खान ने फ रसाबहार सामुदायिक भवन में 20 पंचायतों के सरपंच, सचिव, सुपरवाइजर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सामुहिक बैठक कुपोषण के सम्बंध में लिया। बैठक में मध्यम व गम्भीर कुपोषित बच्चों के डाइट व गृह भेंट कर उनको सामान्य स्थिति में लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने, 0.5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और एनिमिया मुक्त अभियान को सफ ल बनाने सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। कुपोषण स्तर में कमी एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन किया गया है जो स्वास्थ्य जागरूकता में सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समुदाय की पहुंच, विशिष्ट स्थानीय जरूरतों को पूरा करने और समुदाय आधारित योजना और निगरानी के लिए एक तंत्र के रूप में कार्य करने का एक मंच है। जो गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए बना मददगार साबित हो रहा है। कुपोषण को दूर करने के अधिकारियों द्वारा अपने चिन्हांकित गांव में जाकर सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों, पर्यवेक्षक, एएनएम, मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थित में सुपोषण चौपाल लगाकर बच्चों के पालकों को जागरूक किया जा रहा है। जिसमें सरपंच, पंच, स्थानीय प्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभा रहे है।

## आयुष पद्धति ईलाज से मिल रहा गंभीर बीमारी से निजात

जोहार छत्तीसगढ़– जशपुरनगर।

जिला में आयुष विभाग के अंतर्गत कुल 58 संस्थाएं जैसे- आयुष पॉलीक्लीनिक आयुर्वेद स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर, आयुर्वेद, होम्योपैथी औषधालय, सीएचसी, पीएचसी में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी संस्था संचालित है और आयुर्वेद दवाइयों से लोगों को गंभीर बीमारी से निजात मिल रहा है। जिससे लोग आयुर्वेद दवाइयों का उपयोग कर स्वस्थ हो रहें है और काफी खुश है। जिला आयुर्वेद कार्यालय जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत सप्ताह तक कुल 3019 रोगियों को औषधि वितरण कर नि:शुल्क उपचार किया गया। साथ ही पंचकर्म किया नाड़ी स्वेद, सर्वांद स्वेद, नस्य एवं शिरो धारा के द्वारा कुल 50 रोगियों की जांच कर ईलाज किया गया। विभाग द्वारा मुख्य रूप से जीर्ण वात व्याधि, ज्वर, संधिवात, त्वक विकार, पाददाह, गृध्रसी, जीर्ण श्वास रोग, दौर्बल्यता, जीर्ण काश रोग एवं उदर रोग की सफ लता पूर्वक ईलाज किया गया। हाट-बाजार एवं सियान जतन क्लीनिक के माध्यम से कुल 266 रोगियों को लाभान्वित किया गया है। जिले में कुल 3 आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर संचालित है। जहां संस्थाओं द्वारा कुल 136 हितग्राहियों को योगाभ्यास कराया गया, साथ ही 164 हितग्राहियों को काढ़ा वितरण कराया गया। इसके साथ ही सूचना, शिक्षा एवं संचार के माध्यम से पाम्पलेट द्वारा भी लोगों को अधिक संख्या में आयुष चिकित्सा पद्धति द्वारा उपचार के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय आयुर्वेद औषधालय सरईपानी में पदस्थ डॉ. नवीन होता आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के द्वारा चर्म रोग का

सफ लता पूर्वक ईलाज किया गया। संबंधित संस्था में कुछ समय पूर्व 78 वर्षीय बुजुर्ग द्वारा त्वक रोग से संबंधित शिकायत लेकर संस्था में सम्पर्क किया गया। रोगी के हाथ और पैर में खुजली के साथ जलन की शिकायत थी। जिसके लिये उन्होंने कई जगह से ईलाज एवं मेडिसिन लिया फिर भी ज्यादा फ ायदा नहीं हो पाया। इसके पश्चात उन्होने आयुर्वेद की औषधि लेने का निर्णय किया। जिस हेतु उन्होंने शासकीय आयुर्वेद औषधालय सरईपानी पदस्थ डॉ. नवीन होता आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क किया और डॉ. नवीन होता के द्वारा उनकी जानकारी लेकर जीर्ण त्वक रोग से ग्रसित बताया और आयुर्वेद पद्धति से ईलाज प्रारम्भ किया। जिसमें रोगी को हरिद्राखण्ड 6 ग्राम सुबह-शाम सिरप, त्रिशोधक 15 मिली. सुबह-शाम, कैशोर गुग्गुल 2-2 गोली सुबह-शाम, मरिच्यादि तेल स्थानीय प्रयोगार्थ हेतु साथ ही महामंजिष्ठादि क्वाथ का सेवन करवाना प्रारंभ किया। लगभग 15 दिवस की चिकित्सा के पश्चात् रोगी को काफी अच्छा महसूस हो रहा है। खुजली और जलन में काफी राहत है। वर्तमान में रोगी को 1 महिने तक सम्पूर्ण औषधि नियमित एवं संतुलित आहार के साथ सेवन करने के निर्देश दिये गये हैं।

## डकैती मामले पुलिस ने 11 आरोपियों को किया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 3 मोटर सायकल व 1 बोलेरो वाहन जप्त

जोहार छत्तीसगढ़– सूरजपुर।

ग्राम बड़वार, थाना रमकोला निवासी प्रार्थी चरकू चेरवा थाना रमकोला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 जुलाई 23 को रात 11 बजे घर में सो रहा था रात्रि करीब 12.30 बजे अज्ञात व्यक्ति आम पेड़ के सहारे छप्पर में चढ़कर घर के आंगन में कूदकर दरवाजा खोल कुल 7 आदमी घर के अंदर प्रवेश किए 4 आदमी घर के बाहर पहरा कर रहे थे। प्रार्थी तथा उसके तीनों बच्चों को आंगन में लाकर मारपीट करते हुए मोबाईल छिन कर जान से मारने की धमकी देते हुए हनुमान छाप सिक्का देने के लिए बाध्य करने लगे हनुमान छाप सिक्का नहीं देने पर घर का तलाशी लिए एवं चाकू सब्बल से दीवाल में कई स्थानों पर खोदकर हनुमान छाप सिक्का का तलाश किए नहीं मिलने पर प्रार्थी के तीनों लड़का लड़की को अपहरण कर जंगल में ले गए। हनुमान छाप सिक्का का मांग की नहीं देने पर प्रार्थी की लड़की को लेकर फि र घर पर आए घर का तलाशी लिए इसी बीच लड़की मौका पाकर गांव में भाग कर गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमाक 19/23 धारा 395,506, 323, 364 क, भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। थाना रमकोला पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना और नई तकनीक की मदद से 11 आरोपियों को दबिश देकर पकड़ा है। पूछताछ पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है जिनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 3 मोटर सायकल व 1 बोलेरो वाहन जप्त कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के नेतृत्व में हुई जिसमें थाना प्रभारी रमकोला एआर मानिकपुरी, एएसआई नंदलाल सिंह, इन्द्रदेव भगत, कुन्दन राम मिंज, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, अजीत प्रताप सिंह, रविशंकर चौबे, अखिलेश यादव, रोबर्ट तिग्गा, ज्योतिष पटेल, नंदकिशोर राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े, विजय राजवाड़े, हितेश्वर सारथी,युवराज यादव, महिला आरक्षक शर्मिला सिंह व सुमित्रा सक्रिय रहे।

# 5 स्कूलों के बंद मिले कपाट, 34 शिक्षक गैर हाजिर

## भोपालपटनम ब्लॉक के 13 स्कूलों में शिक्षा विभाग की टीम ने दी दबिश

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

जिले में शिक्षा गुणवत्ता के लक्ष्य को लेकर हो रही लगातार मॉनिटरिंग के बीच शनिवार सुबह भोपालपटनम ब्लॉक के मदेड, संगनपल्ली, गिलगिच्चा, कोंगुपल्ली, पामगल, उसकालेड़, भट्टीगुड़ा गांव के 13 स्कूलों के निरीक्षण में 6 स्कूलों में ताले लटके मिले वहीं इन स्कूलों में 34 शिक्षक अनुपस्थित पाये गए।

निरीक्षण दल में जिला शिक्षा अधिकारी, बी.आर. बघेल, एडीपीओ एम.व्ही. राव, एपीसी मो. जाकिर खान एवं वेंकटरमन ऐटला शामिल थे। शनिवार की सुबह प्रात:कालीन स्कूल के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर. बघेल के नेतृत्व में शिक्षा विभाग की टीम ने 13 स्कूलों में दबिश दी। स्वामी आत्मानन्द हिन्दी माध्यम स्कूल मदेड में निरीक्षण के दौरान ताला लटका पाया गया वहां 1 मात्र भृत्य उपस्थित था जो अपने प्राचार्य और शिक्षकों के इंतजार में उपस्थित था। इस संस्था से प्रभारी प्राचार्य पवन सोनी सहित 6 व्याख्याता टी. नागेश्वर राव, बसंती गुमड़ी, रामस्वरूप निर्मलकर, वासम विजय, मिथलेश कुमार, राजेश्वरी देवांगन अनुपस्थित रहे। प्राथमिक शाला संगनपल्ली एवं माध्यमिक शाला संगनपल्ली के स्कूलों में ताला बंद की स्थिति रही। यहां पदस्थ पाँचों शिक्षक टी. नवीन कुमार, मिच्चा सुकराम, सरिता मट्टी, बी. नागलक्ष्मी, लक्ष्मीकांता गैर हाजिर पाये गए। प्राथमिक शाला कोंगुपल्ली, प्राथमिक शाला भट्टीगुड़ा निरीक्षण के दौरान बंद मिले यहां बच्चे शिक्षकों की राह तकते रहे और शिक्षक रौनम्मा बड़दी, रविंद्र कुमार वर्मा, शान्ता दानम कर्तव्य से नदारद थे। बालक आश्रम पामगल में 71 बच्चों में से 46 बच्चे उपस्थित मिले लेकिन संस्था में अधीक्षक आलोक पुलसे सहित शिक्षक रविंद्र मोरला, मधुशुधन बंदम, उर्मिला कोड़े गैर हाजिर पाये गए। स्वामी आत्मानन्द हिन्दी माध्यम स्कूल, पामगल में पदस्थ 9 शिक्षकों में से प्रभारी प्राचार्य दुब्बा लक्ष्मैया सहित 9 व्याख्याता नरेश ध्रुव, राकेश ठाकुर, जीवनलाल साहू, श्रीराम चन्द्रवंशी, डेविड बेक, मधुशुधन राव, गणेश यालम, विजय कुमार अनुपस्थित पाये गए। संस्था में 1 शिक्षा मितान छत्रपाल धृतपाल के अलावा 90 बच्चों में महज 10 बच्चें उपस्थित रहे। प्राथमिक शाला उसकालेड़ एवं माध्यमिक शाला उसकालेड़ में समस्त शिक्षक उपस्थित पाये गए लेकिन बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम पायी गयी जिसके लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक शाला गिलगिच्चा जहां एकमात्र प्रधान अध्यापक देवेन्द्र गुरला पदस्थ है जो विगत 1 महीने से स्वेच्छापूर्वक स्कूल से नदारद है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। संस्था में संकूल समन्वयक द्वारा स्थानीय व्यवस्था के तहत् कु. गोटे इमला के माध्यम से अध्यापन कराया जा रहा है, जिनका कार्य संतोषजनक पाया गया। यहां 22 बच्चों में से सभी बच्चे उपस्थित पाये गए। माध्यमिक शाला गिलगिच्चा में सभी शिक्षक उपस्थित पाये गए लेकिन बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर उपस्थिति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए गए। स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल मदेड संचालित पाया गया किन्तु 4 शिक्षक स्मृति दुर्गम, विकास झाड़ी, नेहा श्रीवास, सांई झाड़ी अनुपस्थित पाये गए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनके टीम ने कक्षा संचालन, शिक्षक डायरी, मध्यान्ह भोजन, समय सारणी एवं अभिलेखों का निरीक्षण कर नियमानुसार प्रतिदिन संधारित करने के निर्देश दिए। जिन संस्थाओं में पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षण कार्य नहीं पाया

### प्राचार्य सहित 34 शिक्षकों को नोटिस तामिल और वेतन कटौती की कार्यवाही

गया उन संस्थाओं में अतिरिक्त प्रयास कर गुणवत्ता में वृद्धि करने के निर्देश दिए गए। शालाओं में बागवानी के साथ साफ-

सफाई व आकर्षक बनाने के निर्देश दिए गए।

शिक्षा में गुणवत्ता के लिए नियमित अध्यापन जरूरी- बघेल

*जिले के शैक्षणिक संस्थाओं के औचक निरीक्षण की जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बी. आर बघेल ने बताया की कलेक्टर महोदय की मंशा के अनुरूप आगामी 3 महीने में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करना है इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षा विभाग की पूरी टीम मुस्तैदी के साथ निरीक्षण की कार्यवाही लगातार करे। हमारी टीम ने आज भोपालपटनम ब्लॉक के 13 स्कूलों का निरीक्षण किया जिसमें प्रभारी प्राचार्य सहित 34 शिक्षक अनुपस्थित पाये गए। यह स्थिति शिक्षा गुणवत्ता प्रयासों के सर्वथा प्रतिकूल है जिसके चलते सभी अनुपस्थिति शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा रही है।*

### एक नजर

## गोना में ब्राह्मण समाज ने भंडारा का किया आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा जिला अंतर्गत ग्राम सैंगोना में ब्राह्मण समाज द्वारा भोरमदेव जाने वाले कावड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बेमेतरा जिला व अन्य जिले से पहुंच रहे भोरमदेव के लिए पैदल कांवड़ यात्रियों को सैंगोना स्थित राइस मिल में भंडारा का आयोजन किया गया है वही पैदल जा रहे कांवड़ यात्रियों के स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है जिसमें उचित जांच कर मलमपट्टी दवाई दिया जा रहा है व कांवड़ यात्रीओं के लिए ठहरने की भी व्यवस्था किया गया है जिससे पैदल यात्री जा रहे कांवड़ियों को कोई असुविधा ना हो इसका भी पूर्ण रूप से व्यवस्था किया गया है जिसमें अविनाश तिवारी संजय शर्मा भावेश शर्मा मनोज पांडे सुबोध तिवारी दिनेश साहू संजय भाथरे प्रभात शर्मा अनिल शर्मा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# भाजपा और पूर्व विधायक महेश गागड़ा भ्रष्टाचार के मास्टरी हैं-आर. वेणुगोपाल राव

## भाजपा का प्रदर्शन रहा फ्लॉप-शो, पूर्व विधायक महेश गागड़ा झूठ और मनगढ़ंत प्रचार करने में माहिर-आर.वेणुगोपाल

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

बीते शुक्रवार को बीजापुर में भाजपा के धरना प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पीसीसी के सदस्य व सांसद प्रतिनिधि आर.वेणुगोपाल राव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा का प्रदर्शन पूरी तरह फ्लॉप-शो रहा, उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदर्शन से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा और पूर्व विधायक महेश गागड़ा हताश, निराश और परेशान है आज भाजपा श्क्या करे और क्या न करें की स्थिति में है। आर.वेणुगोपाल राव ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि भाजपा और भाजपा नेताओं के साथ पूर्व विधायक महेश गागड़ा खुद ही पंद्रह वर्षों तक लगातार भ्रष्टाचार में डुबे हुए थे आज भी केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है। भ्रष्टाचार में भाजपा और भाजपा नेताओं की मास्टरी है। भाजपा और पूर्व विधायक महेश गागड़ा के भ्रष्टाचार जगज़ाहिर है। भाजपा नेताओं के साथ पूर्व विधायक महेश गागड़ा के पंद्रह वर्षों के भ्रष्टाचार को बीजापुर की जानता अभी भूली नहीं है इनके भ्रष्टाचार को अच्छी तरह समझती है। आर.वेणुगोपाल राव ने कहा कि भाजपा और पूर्व विधायक महेश गागड़ा झूठ और मनगढ़ंत कहानियां गढ़ कर झूठी प्रचार करने में माहिर है उनके बयान झूठ की बुनियाद पर टिकी होती है ताकि वे मीडिया में बने रहे। जबकि सच्चाई यह है कि जब से प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से प्रदेश का किसान, युवा, छोटे व्यापारी, महिला, आदिवासी सहित हर वर्ग खुशहाल है। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी के कुशल एवं प्रभावशाली नेतृत्व से बीजापुर जिला गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की तर्ज पर लगातार विकास कर रहा है जहां प्रत्येक समाज और प्रत्येक वर्ग खुशहाल है। आने वाले विधानसभा चुनावों में इसका लाभ सीधे कांग्रेस पार्टी को मिलेगा और कांग्रेस पार्टी एक बार फिर प्रचंड मतों के साथ जीत हासिल करेगी।

# युवक-युवतियों से बातचीत कर स्टेशनरी प्रिंट यूनिट आदि का पूरा ब्यौरा लिया

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा आज बेमेतरा जिले के ग्राम सांकरा में पहुंचकर महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रिपा अन्तर्गत रोजगार मूलक स्थापित उद्यम में स्टेशनरी प्रिंट यूनिट में कि जा रही रोजगार मूलक गतिविधियों की जानकारी ली। युवा विकास समिति ग्राम सांकरा के युवक-युवतियों से बातचीत कर स्टेशनरी प्रिंट यूनिट आदि का पूरा ब्यौरा के साथ बिक्री की जानकारी ली। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को जल्द प्रक्रिया पूरी कर फ्लैक्स यूनिट स्थापित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्टेशनरी यूनिट से जुड़े युवाओं से कहा कि महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रिपा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से है। इस प्रिंट स्टेशनरी के कार्य में रूचि लेते हुए गंभीरतापूर्वक करें। प्रक्रिया पूरी होते ही फ्लैक्स यूनिट भी स्थापित होगी। प्रशिक्षण की आवश्यकता हो तो वह भी नि:शुल्क दिलाने की प्रशासन व्यवस्था करेगा। रिपा में विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधि के संचालन हेतु मशीन यूनिट स्थापना कार्य भी निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार स्थापित हुआ। इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चन्द्रप्रकाश पात्रे साथ थे। उन्होंने पेयजल,शौचालय, सभी जरूरी व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिपा में विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु और बेहतर प्रशिक्षण दिलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले के रिपा में स्थापित उद्यम में तेजी से और बेहतर सामग्री उत्पादित करने के साथ ही अधूरे सारे काम करने के निर्देश दिए। निर्धारित समयावधि तक सभी कार्य को पूरा करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी ग्राम योजना यनरवा, गरवा, घुरूवा एवं बाड़ी योजनाद्ध गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उच्च स्तर पर इसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाती है। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है कि गरीब परिवारों के लिए आजीविका के माध्यम से आय के नये साधन सृजित करना है। ताकि शिक्षित ग्रामीण युवाओं को उनकी प्रतिभा और कार्यक्षमता के आधार पर स्वरोजगार प्राप्त हो सके। इसी कड़ी में उन्होंने प्रत्येक विकासखण्ड के दो-दो गौठानों में रिपा के स्थापना की घोषणा की थी। जिले में 8 गौठानों का चयन महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल औद्योगिक पार्क स्थापित करने के लिए किया गया है। तथा चयनित सभी 8 गौठानों में रिपा के तहत सभी कार्य तेजी हुए है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर युवाओं और स्वसहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीण युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त हो रहे है। गौठानों में वर्मीकम्पोस्ट, मुर्गी पालन,बकरी पालन, कृषि उत्पादों और वनोपजों के प्रसंस्करण एवं ग्रामोद्योग संबंधी कार्य भी किये जाने हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को रोजगार और आय के अवसर प्रदान करने की सरकार की मंशा है।

# सड़कों की बनावट ही नहीं, मवेशियों के झुंड भी हादसे की बड़ी वजह

**रायपुर।** प्रदेशभर में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या हर साल कम होने के बजाय लगातार बढ़ रही है। हादसों के पीछे सड़कों की बनावट और फिर ट्रैफिक इंजीनियरिंग एक बड़ी वजह साबित हुई है, लेकिन इसके अलावा सबसे ज्यादा घातक मवेशियों का झुंड साबित हो रहा है।

शहर के भीतर की सड़कों से लेकर स्टेट हाईवे और फिर एनएचएआई में मवेशियों के विचरण की वजह से लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। आवासीय क्षेत्र में पिछले साल 3287

दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1370 लोगों ने अपनी जानें गंवाई। घनी आबादी वाले हिस्सों में मवेशियों की वजह से और अंधेरे की वजह से सबसे ज्यादा हादसे हुए हैं।

जानकारी के अनुसार मवेशियों को नहीं हटाने और हादसों के पीछे दूसरी वजहों को लेकर अब पीएचक्यू ने संबंधित विभागों के अफसरों को तलब किया है।

पुलिस मुख्यालय की ओर से 26 जुलाई को विशेष बैठक बुलाई गई है। जिन विभागों ने पूर्व में जारी सुधार के निर्देश नहीं दिए हैं, उन पर गाज गिर सकती है। खबर के मुताबिक प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति देखते हुए पुलिस मुख्यालय यातायात विभाग द्वारा आगामी 26 जुलाई को विशेष बैठक लेने की तैयारी चल रही है।

# बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर चरणदास महंत ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया स्मरण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ति।

अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश के प्रथम मंत्रिमंडल में मंत्री, छत्तीसगढ़ महतारी के सपूत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, मानवता के पुजारी बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष पुत्र डॉ. चरणदास महंत ने उन्हें अपनी ओर से स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा किए ईश्वर से यही प्रार्थना है किए हर जन्म मुझे बिसाहू दास जी की तरह पिता प्राप्त हो। छत्तीसगढ़ के विकास और आपके आदर्शों के अनुरूप अधूरे कार्यों को पूरा करने हम सब संकल्पबद्ध हैं। बता दें कि स्व. बिसाहू दास महंत मध्य प्रदेश के लिए एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। वे राज्य में कांग्रेस विधायक थे और उन्होंने बाराद्वार का प्रतिनिधित्व किया। जिन्हें अब निर्वाण क्षेत्रों के लिए क्रमश: एक, दो और तीन शब्दों के लिए नया बाराद्वार,नवागढ़ और चांपा के रूप में जाना जाता है। कृषि के क्षेत्र में सिंचाई के लिए नहरों का ताना.बाना बुनने में स्वर्गीय बिसाहू दास महंत का बड़ा योगदान रहा है। साथ ही कोसा एवं बुनकर व्यवसाय को प्रदेश से लेकर विदेशों तक जो ख्याति प्राप्त है उनमें स्वर्गीय बिसाहू दास का अतुलनीय योगदान रहा है। उपरोक्त जानकारी विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत के प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने बताया।।

# पुलिस के स्पेशल टीम बोलकर उगाही करने वाले 3 आरोपियों एवं एक विधि के साथ संघर्षरत् बालक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमतरा।

### घटना में प्रयुक्त वाहन जप्त

प्रार्थी पुनईराम साहू उम्र 50 साल निवासी गाडामोड थाना नवागढ जिला बेमेतरा ने थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन पेश कर रिर्पोट दर्ज कराया कि 05 जुलाई 2023 को मनीष वर्मा, डिकेश्वर राय एवं अपने अन्य साथियों के साथ उसके घर में आकर तुम गांजा बेचते हो हम लोग पुलिस के स्पेशल अधिकारी है कहकर दो तीन पुडिया रखकर कोरा कागज में अंगूठा लगवाकर धमका कर 25000 रूपये की मांग किये उस समय रकम नहीं होने से दो दिन बाद आकर पैसा ले जाना कहने पर दिनांक 07 जुलाई 2023 को मनीष वर्मा को अपने अन्य पांच साथियों के साथ आकर 5000 रूपये ले गया है कि रिर्पोट पर थाना नवागढ में अपराध सदर धारा 384,419,170,34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर भावना गुप्ता भापुसे ने तत्काल कार्यवाही हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना हेतु पतासाजी में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मनीष वर्मा से पूछताछ करने पर पता चला कि 05 जुलाई 2023 को पुनईराम साहू से स्पेशल पुलिस अधिकारी की धमकी देकर 07 जुलाई 2023 को नगदी 5000 रूपये लेना एवं 03 जुलाई 2023 को ग्राम ढनढनी के संजय सिंह से 5000 रूपये लेना एवं इसी माह नवागढ़ के संतोष सिन्हा से 3000 रूपये लेना और उक्त पैसा को अपने दोस्तो के साथ खाने पीने में खर्च कर देना। मनीष वर्मा ने उक्त घटना को अपने कार क्रमांक सीजी 04 केएस 3000 से घटित करना। उक्त घटना के दौरान मनीष वर्मा के साथ डिकेश्वर रायए,संजू राम कुर्रे एवं एक विधि के साथ संघर्षरत् बालक एवं अन्य को शामिल होना। घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक सीजी 04 केएस 3000 को जप्त किया गया। प्रकरण सदर का एक अन्य आरोपी शारीरिक रूप से विकलांग होने से एवं चलने फिरने में असमर्थ होने से धारा 41, जाफौ की नोटिस तामिल किया गया। तथा प्रकरण में फरार एक अन्य आरोपी की पतासाजी किया जा रहा है। आरोपीगण मनीष वर्मा खोरबाहरा वर्मा उम्र 32 साल निवासी बेरा पुलिस चौकी खण्डसरा थाना व जिला बेमेतरा,डिकेश्वर राय पिता चंद्रशेखर राय उम्र 19 साल निवासी सेंदरी थाना दाढी जिला बेमेतरा,संजू राम कुर्रे पिता देवादास कुर्रे उम्र 30 साल निवासी सेंदरी थाना दाढी जिला बेमेतरा को 22 जुलाई 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं 01 विधि के साथ संघर्षरत् बालक को माननीय न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि मोहन साहू, प्रधान आरक्षक राजीव शर्मा, आरक्षक हेमप्रसाद साहू, अमित यादव, संतोष साहू एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

# स्वामी आत्मानंद माध्यमिक स्कूल के छात्रों ने प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़– धरमजयगढ़।

स्वामी आत्मानंद माध्यमिक स्कूल के छात्रों ने प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने एवं प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने हेतु रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सभी दुकानदारों को अपने हाथ से बनाएं पेपर के थैले एवं कागज के थैले प्रदान किए और लोगों से अनुरोध किया कि आप सभी प्लास्टिक के थैले का प्रयोग ना करें इस संबंध में स्थानीय बस स्टैंड में आत्मानंद के छात्र-छात्राओं ने एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जिसमें यह संदेश दिया गया। कि हमारी हरी-भरी धरती प्लास्टिक के उपयोग से बंजर होते जा रही है हमारी सुंदर पृथ्वी प्लास्टिक के कचरे से भर्ती आ रही है समुद्र तल में प्लास्टिक के कचरे कट्टे होने से समुद्र की गहराई भी कम हो रही है एवं समुद्री जीव जंतुओं पर इसका बुरा असर हो रहा है प्लास्टिक के थैले के प्रयोग से या प्लास्टिक के प्रयोग से पूरी पृथ्वी का पर्यावरण नष्ट हो रहा है नुक्कड़ नाटक के द्वारा यह भी बताया गया कि हम प्लास्टिक का प्रयोग बंद करके दूसरे संसाधनों का उपयोग कैसे कर सकते हैं और रैली वाचन के माध्यम से लोगों से अनुरोध किया गया की दुकानों से थैली लेना बंद करें एवं जब भी दुकान जाएं तो यदि दुकानदार प्लास्टिक की थैली में सामग्री प्रदान करें तुमसे अनुरोध करें कि वह कागज के थैले का प्रयोग करें बस स्टैंड में नुक्कड़ नाटक के दौरान संस्था के प्राचार्य ने लोगों को प्लास्टिक से होने वाले हानि के बारे में बताया एवं समस्त लोगों से अनुरोध किया की प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें समस्त कार्यक्रम के दौरान जनता के भीड़ के बीच स्वामी आत्मानंद के शिक्षक एवं उनका साला परिवार उपस्थित रहा सभी लोगों ने इस प्रयास को इस सराहा इस तरह स्वामी आत्मानंद स्कूल नित ने प्रयोगों समाज को एक नई दिशा देने की कोशिश कर रहा है आत्मानंद विद्यालय शुरू से ही अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग करता है एवं समाज को दिशा देने का प्रयास करता है।

क्यूआरटी ने पकड़ा डीजल चोरों को

## रिपोर्ट करने पर जवानों को दी धमकी

कोरबा । डीजल चोरी करने टैंकर लेकर खदान के अंदर घुसे चोरों पर त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवानों की नजर पड़ गई। जवानों की सूचना पर क्यूआरटी ने चोरों को दौड़ाकर पकड़ लिया। इस पर चोरों ने जवानों के साथ गाली-गलौच करते हुए खदान बंद कराने की धमकी दी। मामले की सूचना कुसमुंडा पुलिस को दी गई है।

साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड ;एसईसीएलद्ध की कुसमुंडा खदान में बुधवार की रात 10.45 बजे कुछ युवक टैंकर वाहन लेकर डीजल चोरी करने घुसे। इसकी जानकारी त्रिपुरा स्टेट राइफ्ल्स टीएसआर के जवानों ने खदान परिसर की क्यूआरटी की टीम को दी। इस पर क्यूआरटी ने डीजल चोरी को पकड़ने दबिश दी और कुसमुंडा परियोजना अंतर्गत बरकुटा फेस में टैंकर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 7159 को डीजल चोरी करते देखा। क्यूआरटी को देखकर टैंकर चालक मौके से टैंकर लेकर भाग निकला। क्यूआरटी ने पीछा कर टैंकर क्रमांक सीजी 12 एस 2198 को पकड़ा और मामला कुसमुंडा थाने के सुपुर्द कर दिया। मामला पुलिस को सौंपे जाने का विरोध जताते हुए त्रिपुरा स्टेट राइफ्ल्स एवं एसईसीएल से विभागीय सुरक्षा जवानों के साथ चोरी के आरोपितों ने गाली-गलौज की। इतना ही नहीं उन्होंने खदान बंद करने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी थाना कुसमुंडा ने जवानों की सूचना पर टैंकर वाहन को जब्त कर लिया है। एसईसीएल प्रबंधन ने पत्राचार कर थाना प्रभारी कुसमुंडा को टैंकर मालिक एवं ट्रांसपोटिंग कंपनी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने कहा है।

# महीनों से बंद पड़ा है रोड लाइट क्षेत्र वासियों ने शहर सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप

*चार दिनों की चांदनी के बाद शहर में छाया अंधेरा* आवागमन के बावजूद गैर जिम्मेदार अंधों को नहीं आ रहा नजर

जोहार छत्तीसगढ़– रायगढ़।

लाखों रुपए पानी की तरह बहा कर सड़कों पर डिवाइडर में लोहे के पोल लगाए गए किंतु 4 दिन की चांदनी के बाद पोल पर लगे हाइलोजन बल्ब खराब हो चुके हैं तथा महीनों से इस मार्ग पर अंधेरा छाया हुआ है किंतु इन विद्युत पोल पर नई लाइट लगाने के लिए कोई भी हजमत नहीं उठा रहा जबकि इस व्यस्ततम मार्ग पर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से जिला प्रशासन के लेकर उच्च अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है किंतु गैर जिम्मेदार अंधों को यह दिखाई नहीं दे रहा स्थानीय भाजपा के जनप्रतिनिधि और क्षेत्र वासियों द्वारा शहर सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया जा रहा। शहरवासियों के लिए दुर्भाग्य का विषय है कि शहर सरकार और विधायक के साथ-साथ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि जनहित के कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है। सावधान इस रोड पर शाम को बहुत भीड़-भाड़ होती है सभी सब्जियां लेने के लिए नेशनल हाईवे पर स्थित कांशीराम चौक पहुंचते तक हैं तथा अंधेरा होने के बाद 8, 9 बजे तक सब्जियों की खरीदारी होती है। लेकिन अंधेरा होने के बाद सड़क की लाइट की स्थिति देखिए यह है रायगढ़ का विकास? अंधेरा होने की वजह से मोटरसाइकिल सवार पैदल चलने वालों से टकराने की स्थिति तथा सड़कों पर बैठे मवेशियों की वजह से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और छुट पुट घटनाएं आए दिन आते रहती है। यह सड़क कबीर चौक से काशीराम चौक के मध्य की तस्वीर है। मार्ग में पेट्रोल पंप की वजह से हाईवे की ओर से भी अधिकतर छोटी और बड़ी वाहनें पेट्रोल पंप तक आती है जिन्हें मजबूरन डिवाइडर की वजह से विपरीत दिशा से होते हुए आना पड़ता है। ऐसे में अंधेरा होने के बाद दुर्घटना की स्थिति बनती है लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद अंधेरा जस का तस कायम है इस सड़क में रोड लाइट को संज्ञान लेने वाले कोई जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिधि प्रत्यक्ष रूप से सामने अभी तक नहीं आए हैं। जबकि अप्रत्यक्ष रूप से कई स्थानीय लोगों के द्वारा जिला प्रशासन को भान भी कराया गया है बावजूद कई महीने से इस मार्ग में अंधेरा कायम है। ऐसा नहीं है कि इस समस्या की जानकारी जिम्मेदारों को नहीं है जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और शासन प्रशासन के उच्च अधिकारियों का आना जाना इस मार्ग से होता ही रहता है। किंतु गैर जिम्मेदार अंधे बहरों को यह सब दिखाई नहीं देता, स्थानीय लोगों ने शहर सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि लाखों खर्च कर डिवाइडर पर लगाए गए लेकिन चार दिनों की चांदनी के बाद दर्जनों लोहे के विद्युत पोल पर बल्ब ही नहीं है तथा कई विद्युत पोल स्थान से गायब हो चुके हैं पता नहीं ये लोहे के पोल कबाड़ियों के या भ्रष्टाचारियों के ग्रास बन गए। बहरहाल शासन-प्रशासन समय रहते इस व्यस्ततम मार्ग को संज्ञान ले अन्यथा कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है तथा ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों के जनाक्रोश को शासन प्रशासन को भोगना पड़ेगा।

**कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना, क्षेत्र वासियों का फूट सकता है जनाक्रोश**

## रेवड़ी कल्चर देश के लिए घातक पर चुनाव जितने के लिए आवश्यक - टीकाराम पटेल

जोहार छत्तीसगढ़ – धरमजयगढ़।

चुनाव में रेवड़ी कल्चर देश के लिए घातक है। इसका उदाहरण श्रीलंका पाकिस्तान सहित कई देश हैं। लेकिन वोट बैंक के लिए यह आवश्यक है। इसका जिता जागता उदाहरण हाल में संपन्न हुए पंजाब हिमाचल प्रदेश कर्नाटक का विधानसभा चुनाव है।

कुछ पीछे जाएं तो छत्तीसगढ़ राजस्थान दिल्ली और मध्यप्रदेश है। उक्त बाते एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल ने कही है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षित प्रदेशों में रेवड़ी कल्चर अगर हावी हो सकता है तो आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः रेवड़ी कल्चर चलेगा। सड़क बिजली पानी पुल पुलिया जैसे मुलभूत सुविधाओ को जनता आवश्यक तो समझती है लेकिन व्यक्तिगत् लाभ को जनता ज्यादा महत्व देती है। आगामी चुनाव के मद्देनज़र छत्तीसगढ़ में सत्तारुड़ पार्टी लोक लुभवाने वादे करना प्रारम्भ कर दी है जिसमें धान का कीमत अट्ठाइस रूपए किलो एवं प्रति एकड़ बीस किर्विंटल धान कि खरीदी प्रमुख है। इसी तरह कर्मचारियों को भी लुभाने कि असफल कोशिश सत्तारुड़ पार्टी कर रही है। पिछले चुनाव में जनता इनकी लोक लुभवाने वादों मे आकर वोट तो दे दी और कांग्रेस की सरकार बनाकर धोखा भी खा चुकी है। लेकिन जो धोखा खाये हैं उनमे सभी वर्ग के लोग है। किसी का कर्ज माफी नहीं हुआ तो किसी को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। किसी को एक हजार पेंसन नहीं मिला तो किसी को रोजगार। किसी को तेंदुपत्ता संग्रहण का बोनस नहीं तो किसी को तेंदुपत्ता संग्राहक बीमा का लाभ नहीं।

# धरमजयगढ़ तहसील कार्यालय में खुला मतदाता मार्गदर्शन केंद्र

बटन दबाकर देख सकेंगे मतदाता कैसे काम करती है ईवीएम मशीन, मास्टर ट्रेनर देंगे पूरी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़– रायगढ़।

ईवीएम मशीन में वोट डालने की प्रक्रिया कैसे होती है। मशीन के बैलेट यूनिट से मत कैसे डाले जाते हैं। वोट देने के बाद वीवीपैट मशीन से कैसे उसका मिलान कर सकते हैं। मतदान केंद्र में मतदाता के आने से लेकर वोट डालने तक कौन कौन से चरण होते हैं। मतदान के समय किन बातों का ध्यान रखना होता है। इन सभी प्रश्नों के उत्तर के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत धरमजयगढ़ के तहसील कार्यालय में मतदाता मार्गदर्शन केंद्र खोला गया है। जहां पहुंचकर कोई भी मतदाता ईवीएम मशीन से वोटिंग की संपूर्ण प्रक्रिया समझ सकता है। एक मतदान केंद्र की भांति यहां ईवीएम मशीन रखा गया है। मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगाई गई है। जो मशीन की कार्यप्रणाली के बारे में पूरी जानकारी देंगे।

**कलेक्टर सिन्हा के मार्गदर्शन में पूरे जिले में चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान**

गौरतलब है कि कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश में पूरे जिले स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। तहसील कार्यालयों में मतदाता जागरूकता केंद्र खोले गए हैं। गांव-गांव तक ईवीएम प्रदर्शन वैन भेजकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ ईवीएम मशीन के बारे में बताया जा रहा है। इसके साथ ही जिस समुदाय एवं मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम है वहां मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से पंजीकृत किए जाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने इस अभियान के तहत विशेष कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है।

# इंडस्ट्रीयल एरिया के विमला सदन में आयकर विभाग का छापा

अधिकारी कोल स्कैम मामले की कर रहे जांच, पिछले पांच दिनों से दस्तावेजों को खंगाल रहे

जोहार छत्तीसगढ़– कोरबा।

कोरबा के इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित विमला सदन में आयकर विभाग का छापा पड़ा है। मुख्य कार्यालय भोपाल से आई विभाग की टीम कोल स्कैम से जुड़े मामलों की जांच कर रही है। बताया जा रहा हैएकि आयकर विभाग की टीम पिछले पांच दिनों से यहां जमी हुई है और दस्तावेजों की जांच कर रही है। आयकर विभाग के करीब आधा दर्जन अधिकारी जांच में जुटे हुए हैं। आयकर विभाग के साथ सीआरपीएफ का महिला बल मौके पर तैनात हैं। बताया जा रहा है। कि जिस परिवार पर आय से अधिक संपत्ति रखने का शक है वो विमला सदन में ही किराए पर रहता है जो आईटी का छापा पड़ने से पहले ही फरार हो गया है। जानकारी मिली है। कि प्रदेश के 13 ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई चल रही है। दस्तावेजों को जप्त कर विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### संविदा भर्ती आईटीआई सारंगढ़ में 24 जुलाई को होगी कम्प्यूटर कौशल परीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़– सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ द्वारा जिला निर्वाचन एवं विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों के लिए संविदा पर सहायक ग्रेड-3 के 5 पद हेतु 21 पात्र अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु 24 जुलाई 2023 को शासकीय आईटीआई सारंगढ़ में सुबह 11 बजे बुलाया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर दर पर भृत्य भर्ती हेतु 2 दावा-आपत्तियों का निराकरण किया गया। इसकी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय सारंगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। साथ ही साथ जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के वेबसाइट डीपीआरसीजी डॉट जीओवी डॉट इन के जिले के समाचार सारंगढ़ बिलाईगढ़ में भी अपलोड किया गया है।

### जिले के सारबिला अकादमी में सुपरवाइजर भी होंगे अतिथि शिक्षक

जोहार छत्तीसगढ़– सारंगढ़-बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में नि:शुल्क कोचिंग सारबिला अकादमी सारंगढ़, बरमकेला और भटगांव के छात्र-छात्राओं के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर पद की भर्ती को मद्देनजर उनकी कोचिंग में तैयारी के लिए जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजरों को अतिथि शिक्षक के रूप में कक्षाएं लेने के लिए आदेशित किया है। यह कार्य उनके वर्तमान विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त होगा। जिले के सारबिला अकादमी बरमकेला में 2, भटगांव में 2 और सारंगढ़ में 3 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। सारबिला अकादमी सारंगढ़ में सुपरवाइजरों ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी छात्र-छात्राओं की दी। इस अवसर पर अन्य अतिथि शिक्षक एवं सारबिला सारंगढ़ के समन्वयक सत्येन्द्र कुमार बसंत उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा सारबिला अकादमी जिले के युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर अतिथि शिक्षकों एवं अन्य पाठ्य सामग्रियों के साथ नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की है। समय-समय पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों की पुस्तक, ब्रोशर जैसे- जनमन, संबल, न्याय के 4 साल आदि का भी वितरण किया जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –नारायण बाईन, फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in